हिंदी दैनिक

# नागपुर मेट्रो समाचार

BCN GROUP

RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023 | नागपुर, सोमवार, 13 अक्तूबर 2025 | अंक 4/ वर्ष 7 / पृष्ठ 8+4 / कीमत 3/-



शिवशंकर आयुर्वेदिक

• डॉ. श्री बालाजी तांबे (संतूलन आयुर्वेदिक)
• श्री स्वागत तोडकर • तन्वी हर्बल क्लिनिक
इनकी दवाईयाँ उपलब्ध तथा Dr. B.A.M.S., M.D. अनुभवी चिकित्सक द्वारा चिकित्सा उपचार किया जाता है।

----- विशेष उपचार -----
वात, जोडों का दर्द, सुजन, लखवा, नसो में अकडन, हड्डीयों मे (Fluid Liquid) कम हो जाना, डायबिटीज से परेशान, B.P. (Heart) , पेट कि समस्या, पाईल्स, बालों की समस्या, समस्त स्त्री रोग, आदि सभी जटील रोगों पर विशेष उपचार।

नागपूर का भव्य शोरूम महाजन मार्केट के पास, टेम्पल बाजार, सिताबर्डी, नागपूर.
फोन 9112079000 / 8605245080
सभी प्रतिष्ठित आयुर्वेदिक कम्पनियो की दवाईयाँ तथा सभी प्रकारकी काष्ट औषधिया, दिव्य वनौषधी, जडीबुटीयाँ तथा उनके पावडर मिलने का विश्वषनिय स्थान।

# नीतीश के 'त्याग' से हुई चिराग की बल्ले-बल्ले

## > जानें एनडीए में सीटों के बंटवारे की इनसाइड स्टोरी

**पटना.** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की घोषणा के बाद एनडीए (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) में सीट बंटवारे को लेकर चल रही लंबी चर्चाओं का आज आखिरकार अंत हो गया. रविवार को एनडीए के सभी घटक दलों ने मिलकर सीट शेयरिंग का अंतिम फार्मूला तय कर लिया. केंद्रीय मंत्री और बिहार चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर इस फॉर्मूले की आधिकारिक जानकारी दी. धर्मेंद्र प्रधान ने बताया कि एनडीए में बीजेपी और जेडीयू दोनों को 101-101 सीटें मिली हैं. इसके साथ ही बिहार की राजनीति में एक बार फिर जेडीयू और बीजेपी बराबरी की साझेदारी के साथ मैदान में उतरेंगी. सूत्रों के मुताबिक, एनडीए ने अपने सहयोगी दलों के लिए एक नया फार्मूला अपनाया है एक सांसद सीट के बदले छह विधानसभा सीटें. इस आधार पर सीटों का बंटवारा किया गया है. लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के चिराग पासवान को पांच सांसदों के आधार पर 29 सीटें मिली हैं. वहीं, उपेंद्र कुशवाहा की रालोजपा को एक सांसद के आधार पर छह सीटें दी गई हैं और जीतन राम मांझी की हम पार्टी को भी एक सांसद के अनुपात में छह सीटें मिली हैं.

वर्ष 2025 के विधानसभा चुनाव में जेडीयू ने बड़ा दिल दिखाया है. 2020 के चुनाव में जेडीयू ने 115 सीटों पर लड़कर 43 सीटों पर जीत हासिल की थी. इस बार पार्टी ने 14 सीटें घटाकर 101 सीटों पर चुनाव लड़ने का फैसला किया है. जेडीयू ने यह कदम अपने सहयोगी दलों के लिए जगह छोड़ने और गठबंधन की एकजुटता बनाए रखने के उद्देश्य से उठाया है. बीजेपी ने इस बार गठबंधन की भावना को प्राथमिकता देते हुए जुड़वां भाई की भूमिका निभाने का फैसला किया है. 2020 के चुनाव में बीजेपी 110 सीटों पर लड़ी थी और 78 सीटों पर जीत दर्ज की थी. विधानसभा चुनाव 2025 में पार्टी 101 सीटों पर चुनाव लड़ेगी यानी 09 सीटें अपने सहयोगियों के लिए छोड़ी हैं. राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि बीजेपी ने यह फैसला गठबंधन की स्थिरता और चुनावी तालमेल को मजबूत करने के लिए लिया है. जेडीयू नेता केसी त्यागी ने कहा कि अब जेडीयू और बीजेपी के रिश्ते 'बड़े भाई-छोटे भाई' नहीं, बल्कि 'जुड़वा भाई' जैसे हो गए हैं. उन्होंने कहा कि पार्टी पूरी तरह संतुष्ट है और आज किसी को कोई शिकायत नहीं है.

त्यागी ने साफ कहा कि बिहार में मुख्यमंत्री का चेहरा सिर्फ नीतीश कुमार ही होंगे, चाहे एनडीए में किसी को कितनी भी सीटें मिलें. उन्होंने याद दिलाया कि पहले भी कई बार बीजेपी के विधायकों की संख्या जेडीयू से ज्यादा रही है, लेकिन मुख्यमंत्री हमेशा नीतीश कुमार ही बने हैं. उन्होंने कहा, 'सीटें कम हों या ज्यादा, ड्राइविंग सीट पर तो नीतीश कुमार ही हैं.' इसके साथ ही उन्होंने एनडीए के सहयोगियों के बारे में कहा, 'पासवान, मांझी और कुशवाहा जी हमारे ही परिवार के हैं. हमारा डीएनए एक ही है क्योंकि ये सभी कभी जनता दल से ही निकले हैं.'

एक सांसद पर छह सीट देने का समीकरण: दरअसल सीट बंटवारे पर फंसी पेंच जब सुलझ नहीं रही थी तब बीजेपी आलाकमान ने एक सांसद पर 6 सीटें देने का समीकरण बनाया. इसी फॉर्मूले के तहत चिराग पासवान को 5 सांसद के हिसाब से 29 सीटें दी गई. वो गोविंदगंज विधानसभा सीट की मांग कर रहे थे, वो भी उनको दिया गया है.

उपेंद्र कुशवाहा को 2026 में भी बनाया जाएगा राज्यसभा सांसद: राष्ट्रीय लोक मोर्चा के नेता उपेंद्र कुशवाहा लोकसभा चुनाव हार गए थे. लेकिन वो अपनी पार्टी से इकलौते राज्यसभा सांसद हैं. ऐसे में उन्हें एक सांसद के आधार पर 6 सीटें दी गई. साथ ही उपेंद्र कुशवाहा को यह आश्वासन दिया गया कि 2026 में राज्यसभा सांसदी समाप्त होने के बाद उन्हें फिर से राज्यसभा सांसद बनाया जाएगा.



### बीजेपी के 17 सांसद, सीटें मिली 101, जदयू को फायदा

लोकसभा चुनाव 2024 में बिहार में बीजेपी ने 17 और जदयू ने 16 सीटों पर जीत हासिल की थी. ऐसे में बीजेपी को 101 सीटें मिली. जबकि जदयू को भी 101 सीटें मिली. हालांकि एक सांसद पर 6 विधानसभा के फॉर्मूले के तहत जेडीयू को फायदा हुआ. क्योंकि जदयू के 16 सांसद हैं. इस हिसाब से उन्हें 96 विधानसभा सीटें मिलती. लेकिन यह भी चर्चा है कि बीजेपी के कई उम्मीदवार गठबंधन को दी गई सीटों पर भी लड़ सकते हैं. यानि सीट स्वैपिंग का भी फ़ार्मूला तय किया है ताकि एंटी इंकबेसी फ़ैक्टर को काटा जा सके.

### जीतन राम मांझी अपनी पार्टी के एक मात्र सांसद, सीटें 6 मिली

केंद्रीय मंत्री और हिन्दुस्तानी अवामी मोर्चा (सेकुलर) के नेता जीतन राम मांझी अपनी पार्टी के इकलौते सांसद हैं. ऐसे में उनकी पार्टी को को भी 6 सीटें दी गई. साथ ही मांझी अतरी सीट के लिए अड़े थे, क्योंकि वो अंतरी से अपनी बेटी को चुनाव लड़ाना चाहते हैं. ऐसे में उन्हें अंतरी सीटे भी दी गई.

### एनडीए गठबंधन के बीच ऐसे बनी सहमति

बिहार में पिछली बार जेडीयू 115 पर लड़ी थी, लेकिन जीती 43 सीटें थी. जीतने का स्ट्राइक रेट कम था, इसलिए गठबंधन में बड़े भाई का स्टेटस इस बार छिन गया. बीजेपी-जेडीयू में सीट शेयरिंग का फ़ार्मूला सप्ताह भर पहले ही तय हो गया था. लेकिन चिराग़ पासवान, जीतन राम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा से सीटों के बंटवारे पर विवाद बढ़ा तब बीजेपी शीर्ष नेतृत्व ने एक अलग फॉर्मूला बनाया, जिसके आधार पर सभी दलों को सीटें दी गई.

# बंगाल एमबीबीएस स्टूडेंट गैंगरेप केस: 3 गिरफ्तार, 2 फरार

## पीड़ित का दोस्त भी हिरासत में; मोबाइल टावर लोकेशन से आरोपियों का पता चला



**कोलकाता.** पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में मेडिकल स्टूडेंट से गैंगरेप केस में पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया। 2 आरोपी अभी भी फरार हैं। सभी पास के गांव के रहने वाले हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के पास पीड़ित का मोबाइल था। इससे कॉल किया गया था। टावर लोकेशन से आरोपियों की जानकारी मिली। दुर्गापुर की सब डिवीजनल जूनियर मजिस्ट्रेट की कोर्ट ने तीनों आरोपियों को 10 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है और फरार आरोपियों की तलाश कर रही है। पुलिस के मुताबिक, घटना कोलकाता से 170 किमी दूर दुर्गापुर के एक प्राइवेट मेडिकल कॉलेज के ठीक सामने 10 अक्टूबर की रात 8 से 10 बजे के बीच हुई। पीड़ित अपने दोस्त के साथ डिनर के लिए निकली थी। कैंपस गेट पर 3 युवक खड़े थे। पीड़ित के मुताबिक, युवकों ने उसका मोबाइल छीना, फिर बाल पकड़कर कैंपस गेट के सामने जंगल में घसीटकर ले गए। तीनों ने उसका रेप किया। इस दौरान उसका दोस्त वहां से भाग गया था। पुलिस ने बताया, पीड़ित ओडिशा की रहने वाली है और एमबीबीएस 2nd ईयर की स्टूडेंट है। डिप्टी मजिस्ट्रेट और दुर्गापुर एसडीओ रंजना रॉय ने पीड़ित से मुलाकात की। उन्होंने कहा- छात्रा का निजी अस्पताल में इलाज जारी है। उसकी हालत स्थिर है। उसका परिवार साथ है। लड़की के दोस्त और उसके साथियों इसके शामिल होने के आरोप परिवार ने लगाए हैं। पीड़ित के दोस्त को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस के मुताबिक, पीड़ित का मोबाइल आरोपी अपने साथ ले गए थे। मोबाइल से आरोपियों ने अपने दोस्त को कॉल किया था। जिसे कॉल किया गया था उसके मोबाइल टावर की लोकेशन ट्रैक की गई। इसके बाद गिरफ्तारियां की गईं। पुलिस ने बताया कि घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी की फुटेज निकाली जा रही है। मेडिकल कॉलेज के कर्मचारियों से भी पूछताछ हो रही है। 11 अक्टूबर को पीड़ित के माता-पिता ने दुर्गापुर न्यू टाउनशिप थाने में केस दर्ज कराया है। छात्रा के पिता ने कहा कि मैंने सुना था कि कॉलेज अच्छा है, इसलिए अपनी बेटी को यहां मेडिकल की पढ़ाई के लिए भेजा था। कभी नहीं सोचा था कि उसके साथ ऐसा कुछ होगा। यहां सुरक्षा की कोई व्यवस्था नहीं है। भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल को बलात्कारियों और अपराधियों के लिए सुरक्षित ठिकाना बना दिया है।

# मिस्र के राष्ट्रपति ने गाजा शांति शिखर सम्मेलन में मोदी को दिया निमंत्रण



**गाजा.** मिस्र के शहर शर्म अल-शेख में आज 13 अक्टूबर को गाजा पीस समिट होने जा रही है। वहीं इस शांति समझौते के लिए भारत को न्योता आया है। भारत-अमेरिका और 20 से अधिक देशों के साथ मिलकर शांति समझौता में मदद करेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फत्ताह अल-सिसी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गाजा शांति सम्मेलन में शामिल होने का आमंत्रण भेजा है। इस आमंत्रण को 'लास्ट मिनट' करार दिया गया है। इस बैठक की अध्यक्षता अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी संयुक्त रूप से करेंगे। मिस्र के राष्ट्रपति कार्यालय के अनुसार, इस अहम सम्मेलन में 20 से अधिक देशों के नेता शामिल होंगे। भारत सरकार ने पुष्टि की है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी इस शिखर सम्मेलन में आमंत्रित किया गया है।

हालांकि, भारत की ओर से विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह इस ट्रंप-सीसी मध्य पूर्व शांति शिखर सम्मेलन में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस शिखर सम्मेलन का उद्देश्य इजराइल और हमास के बीच हाल ही में हुए युद्धविराम को मजबूत करना और मध्य पूर्व में स्थायी शांति और स्थिरता के लिए एक ठोस ढांचा तैयार करना है। मिस्र के राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा, "इस बैठक का मकसद गाजा में जारी युद्ध को पूरी तरह खत्म करना, क्षेत्र में शांति और स्थिरता लाने के प्रयासों को तेज करना और सुरक्षा के एक नए दौर की शुरुआत करना है।" बयान में यह भी कहा गया कि यह शिखर सम्मेलन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस व्यापक विजन को दर्शाता है, जिसमें वे विश्वभर में शांति स्थापित करने और संघर्षों को समाप्त करने की दिशा में काम कर रहे हैं। एक्सियोस की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका ने इस शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए कई प्रमुख देशों को आमंत्रित किया है। इनमें स्पेन, जापान, अज़रबैजान, आर्मेनिया, हंगरी, भारत, अल सल्वाडोर, साइप्रस, ग्रीस, बहरीन, कुवैत और कनाडा शामिल हैं। रिपोर्ट में बताया गया कि ईरान को भी इस बैठक में बुलाया गया है, हालांकि इज़राइल इस वार्ता का हिस्सा नहीं होगा। वहीं, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज़ शरीफ़ भी सोमवार को मिस्र में होने वाले इस शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे।

## > अफगानिस्तान के प्रवक्ता का दावा

# अफगान-पाक संघर्ष में मारे गए पाक के 58 सैनिक



**काबुल.** अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच भड़की हिंसक झड़प अब थम गई है. अफगान तालिबान के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने रविवार को घोषणा की कि सऊदी अरब और कतर की मध्यस्थता के बाद सीमा पर जारी लड़ाई को 'पूरी तरह रोक दिया गया है.' हालांकि, तालिबान ने दावा किया है कि शनिवार रात की झड़प में पाकिस्तान के 58 सैनिक मारे गए, जबकि तालिबान के 9 योद्धा भी शहीद हुए और 16 घायल हुए हैं. अफगान मीडिया तोलोनिवस के अनुसार, यह संघर्ष पाकिस्तान की काबुल एयरस्ट्राइक के जवाब में हुआ था, जिसके बाद दोनों देशों के बीच सीमा पर घंटों तक फायरिंग चली. तालिबान ने कहा है कि उन्होंने कतर और सऊदी अरब के अनुरोध और मध्यस्थता पर संघर्ष रोकने का फैसला किया है. प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने कहा, 'हमने सीमा पर झड़पें रोक दी हैं. यह निर्णय कतर और सऊदी अरब की मध्यस्थता और उनके अनुरोध पर लिया गया. हम क्षेत्र में शांति और स्थिरता चाहते हैं.'

सऊदी अरब, कतर और ईरान ने इस संघर्ष पर गहरी चिंता जताई थी और दोनों पक्षों से 'संयम, बातचीत और समझदारी' की अपील की थी. सऊदी विदेश मंत्रालय ने कहा था, 'हम पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच बढ़ते तनाव से चिंतित हैं. दोनों देशों को संयम बरतना चाहिए और संवाद के जरिए सुरक्षा व स्थिरता बनाए रखनी चाहिए.' कतर विदेश मंत्रालय ने भी बयान जारी करते हुए कहा कि वह क्षेत्रीय शांति और लोगों की सुरक्षा के लिए हरसंभव सहयोग करेगा.

# डीजीसीए ने इंडिगो पर 40 लाख रुपए का लगाया जुर्माना



**नई दिल्ली.** कैटेगरी सी एयरपोर्ट्स पर नियम के मुताबिक पायलट ट्रेनिंग सिमुलेटर इस्तेमाल ना करने पर एक्शन डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन ने महत्वपूर्ण हवाई अड्डों पर पायलटों को प्रशिक्षित करने के लिए अयोग्य सिम्युलेटर का इस्तेमाल करने पर इंडिगो पर 40 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है. इस मामले में डीजीसीए ने 11 अगस्त 2025 को ट्रेनिंग डायरेक्टर को शो कॉज नोटिस जारी किया था. इसका जवाब इंडिगो ने 22 अगस्त को दिया लेकिन इसे वाजिब नहीं पाया गया और इसलिए पेनल्टी लगाई गई है. ये एक्शन पायलट ट्रेनिंग में अन-क्वालिफाइड फ्लाइट सिमुलेटर के इस्तेमाल करने की वजह से लिया गया है. नागरिक उड्डयन नियम और विमान नियम, 1937 के नियम 133ए का पालन न करने पर इंडिगो के प्रशिक्षण निदेशक और उड़ान संचालन निदेशक पर अलग-अलग 20-20 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है. इंडिगो के ट्रेनिंग रिकॉर्ड और 24 जुलाई से 31 जुलाई 2025 तक के ईमेल जवाब की समीक्षा में पता चला कि लगभग 1,700 पायलटों (कैप्टन और फर्स्ट ऑफिसर दोनों) का सिमुलेटर प्रशिक्षण ऐसे फुल फ्लाइट सिम्युलेटर का उपयोग करके किया गया, जो कि कैटेगरी सी (महत्वपूर्ण) हवाईअड्डों के लिए अनुमोदित या योग्य नहीं थे. ये एक्शन पायलट ट्रेनिंग में अन-क्वालिफाइड फ्लाइट सिमुलेटर के इस्तेमाल करने की वजह से लिया गया है. दिग्गज एविएशन कंपनी इंडिगो ने चेन्नई, दिल्ली, बेंगलुरु, ग्रेटर नोएडा, गुरुग्राम और हैदराबाद में 20 सिमुलेटरों पर ट्रेनिंग कराई. ये सिमुलेटर सीएई सिमुलेशन ट्रेनिंग प्राइवेट लिमिटेड, फ्लाइट सिमुलेशन टेक्निक सेंटर, एएजी सेंटर फॉर एविएशन ट्रेनिंग और एयरबस जैसे कंपनियों के थे.

# 'आरजेडी' को लगा बड़ा झटका

**अनिल/नवादा.** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 से ठीक पहले राष्ट्रीय जनता दल को एक बड़ा झटका लगा है. नवादा जिले की दो महत्वपूर्ण विधानसभा सीटों नवादा और रजौली (सुरक्षित) से मौजूदा विधायक विभा देवी और प्रकाश वीर ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है. दोनों विधायकों ने शनिवार को अपना त्यागपत्र विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव को सौंपा, जिसे अध्यक्ष ने स्वीकार कर लिया है.

इन दोनों विधायकों के अचानक इस्तीफे से बिहार के राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का दौर तेज़ हो गया है. सबसे बड़ी अटकल यह है कि दोनों नेता जल्द ही जनता दल यूनाइटेड में शामिल हो सकते हैं और आगामी विधानसभा चुनाव में जेडीयू के टिकट पर मैदान में उतरेंगे. सूत्रों के अनुसार, यह कदम साफ तौर पर बिहार विधानसभा चुनाव से पहले दल-बदल की ओर इशारा करता है. विभा देवी नवादा सीट का प्रतिनिधित्व कर रही थीं.

# चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास बीएमटीसी बस ने 9 वाहनों को टक्कर मारी



**कर्नाटक.** बेंगलुरु में चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास उस वक्त हड़कंप मच गया, जब बेंगलुरु मेट्रोपॉलिटन ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन की एक बस वाहनों को रौंदते हुए आगे बढ़ने लगी। बस चिन्नास्वामी स्टेडियम के गेट नंबर 9 के पास कंट्रोल से बाहर हो गई और 9 वाहनों से टक्कर मार दी। इसमें तीन ऑटो रिक्शा, तीन कारें और कई बाइक शामिल हैं। इस हादसे में दो लोग घायल हो हुए हैं, जिसमें एक ऑटो ड्राइवर की हालत गंभीर बताई जा रही है, जबकि एक एसयूवी में सवार महिला को मामूली चोटें आईं। ये घटना शनिवार दोपहर 11:40 बजे की है। इस घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें साफ दिख रहा है कि बस वाहनों को टक्कर मारती हुई बस लगातार आगे बढ़ती चली गई। सामने आए सीसीटीवी में देखा जा सकता है कि बस ड्राइवर को अचानक दौरा पड़ गया। दौरा पड़ने के कारण ड्राइवर ने गलती से एक्सीलेटर दबा दिया, जिससे बस तेजी से आगे बढ़ी और रुकने से पहले कई वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया।

# बर्धमान रेलवे स्टेशन में भगदड़ से 12 यात्री घायल

**कोलकाता.** पश्चिम बंगाल के बर्धमान रेलवे स्टेशन पर रविवार शाम को यात्रियों की भारी भीड़ के कारण भगदड़ मच गई. इस हादसे में 10-12 लोग घायल हो गए.

घायलों को तुरंत बर्धमान मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ले जाया गया, जिसमें 6 घायलों को भर्ती किया गया है और उनका इलाज जारी है. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यह हादसा तब हुआ जब प्लेटफॉर्म 4, 6 और 7 पर लगभग एक ही समय में तीन ट्रेनें खड़ी थीं. ट्रेन पकड़ने की जल्दबाज़ी में यात्री प्लेटफॉर्म 4 और 6 को जोड़ने वाले फुटओवर ब्रिज की ओर दौड़े. संकरी सीढ़ियों पर अचानक भीड़ बढ़ने से अफरा-तफरी मच गई और भगदड़ जैसी स्थिति बन गई. इसी दौरान कई यात्री गिर गए और भीड़ में दबकर घायल हो गए.

घटना के बाद स्टेशन परिसर में डर और हड़कंप फैल गया. सूचना मिलते ही रेलवे की राहत और बचाव टीम तुरंत मौके पर पहुंची और घायल यात्रियों को अस्पताल पहुंचाया. रेलवे अधिकारियों ने बताया कि हादसे की जांच शुरू कर दी गई है और भीड़ प्रबंधन में हुई कमियों की पहचान की जाएगी. बर्धमान रेलवे स्टेशन पर रविवार की शाम एक टाइम पर कई ट्रेन प्लेटफॉर्म पर पहुंच गई, जिसकी वजह से प्लेटफॉर्म नंबर 4-5 पर काफी भीड़ उमड़ पड़ी।

सभी यात्री जल्दी से प्लेटफॉर्म से पर पहुंचने की कोशिश करने लगे और भीड़ इतनी बढ़ गई कि प्लेटफॉर्म नंबर 4 और 5 को जोड़ने वाली सीढ़ियों पर भारी भीड़ एकत्रित हो गई। भीड़ के चलते वहां पर भगदड़ जैसी स्थिति बन गई, जिसमें कम से कम 10-12 यात्री घायल हो गए। भगदड़ के वक्त प्लेफॉर्म पर मौजूद लोगों ने बताया कि शाम के समय प्लेटफॉर्म 4, 6 और 7 पर एक साथ तीन ट्रेनें खड़ी थीं। जैसे ही यात्रियों को अपने-अपने डिब्बों तक पहुंचने की जल्दी हुई, संकरी सीढ़ियों पर भीड़ बढ़ गई। धक्का-मुक्की के बीच कुछ लोग गिर पड़े और इसी दौरान भगदड़ की स्थिति बन गई।




❍ घायलों को तुरंत बर्धमान मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। अस्पताल सूत्रों के अनुसार, घायलों में कुछ की हालत स्थिर है जबकि एक-दो को हल्की चोटें आई हैं।रेलवे प्रशासन ने घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं और कहा है कि स्टेशन पर भीड़ प्रबंधन और निगरानी व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा। बता दें कि ये पहली बार नहीं है जब बर्धमान स्टेशन पर कोई गंभीर हादसा हुआ हो। कुछ साल पहले यहां एक पानी की टंकी गिरने से कई लोगों की जान चली गई थी। कुछ यात्रियों का कहना है कि प्लेटफॉर्म 1 को छोड़कर बाकी प्लेटफॉर्म्स पर एस्केलेटर महीनों से बंद पड़े हैं, जिससे यात्रियों को मजबूरी में भीड़भरी सीढ़ियों का इस्तेमाल करना पड़ता है। रविवार की घटना के बाद रेलवे अधिकारियों ने कहा है कि सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा की जा रही है और खासकर भीड़भाड़ वाले समय में भीड़ नियंत्रण के उपायों को और सख्त किया जाएगा। हादसे की जानकारी मिलते ही कई यात्रियों के परिजन अस्पताल और स्टेशन परिसर पहुंच गए, जहां वे अपने प्रियजनों के बारे में पता करने लगे।

CMYK

# बॉबी देओल संग धमाल मचाएंगे रणवीर



एक ओर हैं रणवीर सिंह, जो इस वक्त एक बड़ी फिल्म से वापसी करने जा रहे हैं. दिसंबर में एक्टर की 'धुरंधर' रिलीज होने वाली है. जिसका बेसब्री से इंतजार भी किया जा रहा है. इस फिल्म में उनका लंबे-लंबे बालों वाला लुक एकदम खिलजी जैसा फील देता है. उस फिल्म में संजय दत्त, अक्षय खन्ना, अर्जुन रामपाल और आर माधवन भी काम कर रहे हैं. हालांकि, इस पिक्चर के बाद डॉन 3 में भी काम करना है, जिसके लिए जल्द फरहान अख्तर के साथ आएंगे. उसी बीच अब बॉबी देओल के साथ कुछ बड़ा करने की प्लानिंग में है. जिसे लेकर एक धांसू अपडेट भी सामने आ गया है. आखिर कौन है 1800 करोड़ी एक्ट्रेस, जो साथ दिखेंगी?



बॉबी देओल या अजय तलवार 'बैड्स ऑफ बॉलीवुड' के बाद से ही वो छाए हुए हैं. आर्यन खान की सीरीज में उन्हें एक बड़ा रोल मिला, जिसे बखूबी निभाया. यूं तो बॉबी देओल पहले ही कई बड़ी फिल्मों का हिस्सा है. बॉलीवुड से लेकर साउथ तक... कई बड़ी फिल्मों पर काम कर रहे हैं. इसी बीच नई फिल्म को लेकर जल्द ही अनाउंसमेंट होगा. क्या जानकारी मिल रही है, जानिए. हाल ही में एक न्यूज वेबसाइट पर रिपोर्ट छपी. जिससे पता लगा कि रणवीर सिंह, बॉबी देओल एक साथ काम कर रहे हैं. उनके साथ पुष्पा 2 एक्ट्रेस श्रीलीला भी हैं. फिल्म ने 1800 करोड़ से ज्यादा का कारोबार किया था. तीनों के शूट करते हुए वीडियो और तस्वीरें सामने आ रही हैं. नई रिपोर्ट से पता लगा कि फिल्म का फाइनल शेड्यूल कंप्लीट कर लिया है. फिल्म का काम पूरा होने के बाद पोस्ट प्रोडक्शन वर्क भी शुरू हो चुका है. हालांकि फिल्म की जानकारी मेकर्स ने छिपाकर रखी हुई है. अब क्योंकि शूट हो चुका है, तो मेकर्स जल्द ही कुछ बड़ा अनाउंस करने की प्लानिंग कर रहे हैं. अगले हफ्ते फिल्म को लेकर एक बड़ा ऐलान किया जाएगा.

## तीनों खान्स आ रहे है एक साथ स्क्रीन पर

बाकी सभी एक्टर्स एक तरफ और तीनों खान्स की पॉपुलैरिटी एक तरफ... कभी सोचा है तीनों के फैन्स मिल जाए, तो फिर पूरा बॉक्स ऑफिस हिल जाएगा. यूं तो तीनों को एक साथ देखने का सबको इंतजार रहता है. इस बार तो कई मौके भी सामने आए. कभी ईद पर मिलते दिखे, तो कभी किसी के बच्चों के प्रीमियर में. तो आर्यन खान ने भी अपनी सीरीज 'बैड्स ऑफ बॉलीवुड' से फैन्स को खुश कर दिया.



जिसमें तीनों ही खान्स ने कुछ देर के लिए काम किया है. फिल्म का तो अभी पता नहीं, पर 5 दिन बाद 3000 किलोमीटर दूर बड़ा धमाका होने वाला है. क्योंकि शाहरुख, सलमान और आमिर खान साथ-साथ आ रहे हैं. दरअसल तुर्की अलहशिख ने एक्स पर ट्वीट करते हुए लिखा कि- सिनेमा स्टार्स एक जगह पर. शाहरुख खान, सलमान खान और आमिर खान एक साथ आ रहे हैं. जो कि जॉय फोरम 2025 के डायलॉग सेशन में स्पीकर होंगे. तीनों की तस्वीर के साथ पोस्टर भी शेयर किया गया है. साथ ही 17 अक्टूबर को यह प्रोग्राम सऊदी अरब में होने वाला है. इस जॉयफोरम में हिस्सा लेने के लिए लोग जा सकते हैं. हालांकि, पहले इसकी ऑफिशियल साइट पर रजिस्टर करना होगा.

दरअसल यह एक ग्लोबल इवेंट है.शाहरुख खान ने हाल ही में किंग का पोलैंड वाला शेड्यूल कंप्लीट किया है. जिसके बाद जल्द ही दूसरा काम शुरू करेंगे. वहीं दूसरी ओर सलमान खान हैं. जो बैटल ऑफ गलवान के साथ ही बिग बॉस 19 भी होस्ट कर रहे हैं. साथ ही आमिर खान भी हैं. जो अपकमिंग प्रोजेक्ट को लेकर बिजी हैं, जिस पर जल्द ही काम शुरू करना है.

## इस सुपरस्टार पर कभी भड़की थीं श्रीदेवी



फिल्म इंडस्ट्री में ऐसे कई एक्टर्स हैं, जिन्होंने एक फिल्म साथ की. पर उस दौरान कुछ ऐसा हो गया कि दोबारा कभी साथ नहीं दिखे. ऐसा ही कुछ श्रीदेवी और उस एक्टर के बीच हुआ था, जिसे आज बॉलीवुड का एक्शन किंग कहा जाता है. यूं तो श्रीदेवी के साथ एक फिल्म करने का बड़े-बड़े एक्टर्स को इंतजार रहता था. उनकी एक्टिंग इतनी जबरदस्त थी कि किसी दूसरे एक्टर का होना न होना बराबर ही था. पर 21 साल पहले रिलीज हुई फिल्म की शूटिंग में वो बहुत परेशान हुईं थी.बेशक श्रीदेवी अब हमारे बीच नहीं हैं. पर उनकी यादें और गजब की एक्टिंग मन में बसी हैं. वो ऐसी एक्ट्रेस थीं, जिन्हें कोई रिप्लेस नहीं कर सकता. खुद के बच्चे भी नहीं. श्रीदेवी की जिस फिल्म की यहां बात हो रही है, वो पिक्चर साल 1994 में शूट की गई थी. जब श्रीदेवी की फिल्म का काम चल रहा था, उस वक्त एक्ट्रेस 31 साल की थीं. जबकि, एक्टर महज 27 साल का था. श्रीदेवी से 4 साल छोटा ये एक्टर आज बॉक्स ऑफिस पर तबाही मचा रहा है. यहां तक कि एक साल में 4-5 फिल्में रिलीज कर देता है. पर साल 1994 में जब श्रीदेवी के साथ काम किया, तो एक्ट्रेस बुरी तरह भड़क गई थीं.जी हां, यहां श्रीदेवी के साथ अक्षय कुमार की बात हो रही है. दरअसल यह फिल्म बिना क्लाइमैक्स के ही रिलीज कर दी गई थी.

# जेमी लीवर ने बिग बॉस 19 में मचाया धमाल



बिग बॉस19 के इस हफ्ते वीकेंड का वार में सलमान खान का अंदाज अलग था. पिछले हफ्ते की ट्रोलिंग के बाद इस बार उन्होंने घरवालों से शांति और समझदारी के साथ बात की, खासकर तान्या मित्तल और नीलम के साथ.

वहीं, रविवार के एपिसोड में जेमी लीवर एंटरटेनमेंट का तड़का लगाती नजर आएंगी.शो का प्रोमो सामने आया है, जिसमें जेमी लीवर फराह खान के गेटअप में एंट्री करती नजर आ रही हैं. उन्होंने खुद को 'ठर्रा खान' के नाम से घरवालों और सलमान के सामने इंट्रोड्यूस किया और फराह की नकल करते हुए सभी की खूब खिल्ली उड़ाई और सभी घरवालों को टीज किया. उनके साथ मस्ती-मजाक भी किया. जेमी लीवर की कॉमेडी ने बिग बॉस 19 के वीकेंड वार में जान डाल दी. घरवाले उनके मजाकिया अंदाज पर हंस-हंसकर लोटपोट हो गए, और सलमान खान भी खुलकर हंसते नजर आए. जेमी के टैलेंट से सलमान इतने इंप्रेस हुए कि उन्होंने कहा, वो अपने पिता जॉनी लीवर से भी ज्यादा टैलेंटेड हैं. शो का प्रोमो वीडियो फैंस को काफी पसंद आ रहा है. फेस अब बेकरारी से एपिसोड का इंतजार कर रहे हैं.

# डीपनेक गाउन में अनुपमा ने दिए दिलकश पोज

अपने संस्कारी लुक के लिए जानी जाने वाली टीवी की 'अनुपमा' यानि रुपाली गांगुल हाल ही में ग्लैमरस अवतार में दिखी. एक्ट्रेस ने डीपनेक गाउन में हुस्न का जलवा बिखेरा. उनकी ये अदाएं देख फैंस भी हैरान रह गए हैं.

रुपाली गांगुली ने ये तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की हैं. जिनमें वो फ्लोर लेंथ गाउन पहनकर इतराती हुई नजर आई.रुपाली गांगुली डीपनेक गाउन में पोज देती हुई अप्सरा सी खूबसूरत लग रही हैं. उनकी अदाएं भी देखते ही बन रही है.एक्ट्रेस ने अपना लुक खुले कर्ली बालों, ग्लोसी मेकअप और मैचिंग ईयर रिंग्स के साथ कंपलीट किया है.

इन तस्वीरों में से कुछ में एक्ट्रेस एक ब्लैक डॉग के साथ भी पोज देती दिखी. जो उनके सेट पर अक्सर नजर आता है.रुपाली ने इन तस्वीरों को शेयर करते हुए खास कैप्शन भी लिखा. उन्होंने लिखा, 'मैं इन बच्चों को नहीं ढूंढती, वो मुझे ढूंढ लेते हैं. यह छोटा सा बच्चा मेरे पास आया और वहीं खड़ा रहा, जबकि मैं कुछ तस्वीरें लेने के लिए बाहर गई थी.'एक्ट्रेस ने आगे लिखा, 'मुझे सच में विश्वास है.

# फार्महाउस में चोरी डरीं संगीता बिजलानी

बॉलीवुड की जानी-मानी एक्ट्रेस और पूर्व मिस इंडिया यूनिवर्स संगीता बिजलानी इस साल महाराष्ट्र के पुणे जिले के पवाना इलाके में स्थित फार्म हाउस में हुई चोरी के बाद से सदमे और तनाव में हैं. वो अभी भी इस घटना से उबर नहीं पाई हैं. शनिवार को उन्होंने पुणे में एक पुरस्कार समारोह में हिस्सा लिया, जहां उन्होंने मीडिया से बात करते हुए इस घटना पर खुलकर अपनी बात रखी.



संगीता ने बताया कि वो खासतौर पर पुणे एसपी संदीप सिंह गिल से मिलने आई थीं ताकि इस मामले की जांच तेज की जा सके. उन्होंने कहा कि चोरी के बाद उन्हें अपने ही घर में असुरक्षा महसूस होती है, जबकि वह पिछले बीस सालों से उसी घर में रह रही हैं. उनका फार्म हाउस पिछले चार महीनों से खाली था. जब संगीता बिजलानी 18 जुलाई को सुबह लगभग साढ़े 9 बजे अपने बंगले पर पहुंचीं, तो उन्हें घर में हुई चोरी का पता चला. चोर पीछे के दरवाजे से घर में घुसे थे और पहली मंजिल से 50,000 नकद और एक टीवी सेट, जिसकी कीमत लगभग सात हजार रुपए थी, चुरा ले गए. इस तरह कुल 57,000 रुपए की चोरी हुई. संगीता बिजलानी ने पुलिस को दिए अपने बयान में बताया था, मैं अपने पिता की स्वास्थ्य समस्याओं के कारण मार्च से फार्म हाउस पर नहीं जा पाई. जब मैं और मेरे दो हाउस हेल्प यहां आए, तो हमने देखा कि मेन गेट टूटा हुआ था. अंदर जाकर हमने पाया कि टीवी सेट, नकदी, और कई कीमती घरेलू सामान गायब थे. साथ ही सीसीटीवी कैमरे भी तोड़ दिए गए थे. यह मेरे लिए बहुत दुखद है कि मेरे निजी स्थान पर इस तरह की घटना हुई.

## 'नो-एंट्री 2' से बाहर हुए वरुण धवन?



सलमान खान की सुपरहिट फिल्म के सीक्वल पर काम हो रहा है. जो है- नो एंट्री 2. लेकिन इस बार पूरी कास्ट बदल चुकी है. नए एक्टर्स के साथ बोनी कपूर और अनीस बज्मी फिल्म बना रहे हैं. लेकिन फिल्म का शूट शुरू होने से पहले ही एक्टर्स का एग्जिट होना शुरू हो गया है. काफी वक्त पहले ही जानकारी मिली थी कि दिलजीत दोसांझ फिल्म से बाहर हो गए हैं. लेकिन फिर बीच में कहा गया कि वो फिल्म का हिस्सा होंगे. पर आखिर में क्लियर हो गया है कि दिलजीत इस पिक्चर में नहीं होंगे. वहीं अब खबर आ रही है कि वरुण धवन भी फिल्म से बाहर हो गए हैं. आखिर वजह क्या है?फिल्म को दिलजीत दोसांझ, अर्जुन कपूर और वरुण धवन के साथ बनाया जा रहा था. पर अब दिलजीत के बाद दूसरे एक्टर की भी फिल्म छोड़ने की खबर आ गई. दरअसल दिलजीत दोसांझ को लेकर पहले ही पता लगा था क्रिएटिव डिफरेंस को लेकर फिल्म छोड़ी है. पर बाद में बोनी कपूर ने बताया कि डेट की दिक्कत थी, जिस वजह से बाहर हुए हैं. अब वरुण के बाहर होने की वजह क्या है?

हाल ही में एक वेब साइट पर नई रिपोर्ट छपी. जिससे पता लगा कि अनीस बज्मी के डायरेक्शन में बन रही फिल्म से वरुण बाहर हो गए हैं. दरअसल इस पिक्चर के लिए वरुण धवन काफी एक्साइटेड थे. पर वरुण धवन ने पहले ही भेड़िया 2 के लिए डेट लॉक कर दी है. नए कॉम्बिनेशन के साथ चीजें सुधारने की कोशिश की जा रही है. अर्जुन कपूर इस फिल्म का पहले ही हिस्सा हैं. दरअसल शेड्यूल के चलते वो फिल्म से बाहर हुए हैं. पर मेकर्स की तरफ से फिलहाल कुछ भी कंफर्म नहीं किया है. वहीं, दिलजीत दोसांझ के खाते में भी कई कॉन्सर्ट और फिल्में हैं.

## कुली हिट होते ही रजनीकांत ने फिर मिलाया नेल्सन से हाथ

साउथ सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्मों का अलग ही जलवा देखने को मिलता है. आज भी जब उनकी कोई फिल्में आती हैं तो खूब कमाई करती हैं. ऐसा हाल ही में उनकी फिल्म कुली के साथ भी देखने को मिला. दुनियाभर में इस फिल्म का बोलबाला नजर आया. ये फिल्म अब ओटीटी प्लेटफॉर्म पर आ गई है. वहीं इसके साथ ही रजनीकांत ने अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट्स पर काम भी शुरू कर दिया है. सुपरस्टार पहले से ही अपनी सुपरहिट फिल्म जेलर के दूसरे पार्ट की शूटिंग में बिजी हैं. इसके अलावा वे मौजूदा समय में एक और फिल्म का हिस्सा बन सकते हैं. आइये जानते हैं कि उनके अपकमिंग प्रोजेक्ट पर क्या अपडेट्स आए हैं.



रजनीकांत ने साल 2023 में नेलसन दिलीप कुमार के साथ जेलर फिल्म में काम किया था. ये फिल्म सुपरहिट साबित हुई थी और दुनियाभर में 650 करोड़ रुपए का कलेक्शन करने में सफल रही थी. फिल्म में भारत में जितनी सफलता पाई थी उससे भी ज्यादा सफल तो ये फिल्म विदेशों में हुई थी. अब इस फिल्म के दूसरे पार्ट पर काम चल रहा है. जेलर 2 की शूटिंग जारी है और जून 2026 में ये फिल्म सिनेमाघरों में दस्तक देगी. वहीं इस फिल्म से अलावा अब रिपोर्ट्स की मानें तो एक बार फिर से रजनीकांत ने नेलसन पर ही भरोसा जताया है और दोनों एक और प्रोजेक्ट में साथ काम करते नजर आ सकते हैं.अब रिपोर्ट्स में ये सामने आया है कि जेलर 2 फिल्म में साथ काम करते हुए ही नेलसन दिलीप कुमार ने अपनी एक और फिल्म की स्क्रिप्ट रजनीकांत को सुनाई है और उन्हें ये स्क्रिप्ट पसंद भी आ गई है. इस फिल्म को लेकर अब ताजा अपडेट ये है कि जेलर 2 और कमल हासन के साथ अपनी फिल्म की शूटिंग खत्म करने के बाद रजनीकांत एक बार फिर से नेलसन के साथ कोलाबोरेट करने की तैयारी में हैं. वे नेलसन के स्टाइल ऑफ वर्क और नेरेशन से इंप्रेस नजर आए हैं. अब देखने वाली बात है कि आखिर इस फिल्म पर काम कबसे शुरू होगा और इसकी रूपरेखा कैसी होगी. फिलहाल तो रजनीकां अपनी फिल्म कुली की सक्सेस का आनंद उठा रहे हैं.

### 3 महीने में 6 बार मिले ठाकरे बंधु

# उद्धव-राज की फिर मुलाकात



**मुंबई.**

एमएनएस प्रमुख राज ठाकरे आज महाराष्ट्र के पूर्व सीएम और अपने भाई उद्धव ठाकरे से मुलाकात करने उनके आवास मातोश्री पहुंचे। इस दौरान राज अपने परिवार और माताजी के साथ दिखे। मिली जानकारी के मुताबिक, यह एक पारिवारिक स्नेह भोजन का कार्यक्रम है, साथही आने वाले महानगरपालिका चुनाव पर भी चर्चा होने की संभावना है। पिछले तीन महीनों में दोनों भाईयों के बीच यह छठी मुलाकात है। इससे पहले 5 जुलाई को मराठी भाषा मेलावा (सम्मेलन) में दोनों भाई एक ही मंच पर साथ नज़र आए थे। 27 जुलाई को मराठी भाषा सम्मेलन के बाद दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं और राज ठाकरे सीधे उद्धव ठाकरे के जन्मदिन पर मातोश्री निवास पर पहुंचे।

27 अगस्त 2025 को इस मुलाकात की चर्चाएं राजनीति में जोरों पर थीं और करीब दो दशक बाद उद्धव ठाकरे ने राज ठाकरे के घर गणेशोत्सव के अवसर पर शिवतीर्थ निवास पर उपस्थिति दर्ज कराई। जानकारों का मानना है कि आने वाले दिनों जो लोकल बॉडीज चुनाव होंगे, उसके लिए इन मुलाकातों से उद्धव ठाकरे, शिवसेना और राज ठाकरे की एमएनएस में तालमेल बढ़ाने और राजनीतिक गठबंधन के लिए मदद होगी। गौरतलब है कि लंबे समय तक दोनों ठाकरे भाईयों में गहरे मतभेद थे और वह एक-दूसरे से दूरी बनाए हुए थे लेकिन अब महाराष्ट्र के सियासी चक्रव्यूह की वजह से दोनों भाई एक साथ दिख रहे हैं।

और कब-कब मिले दोनों भाई?, 10 सितंबर : गणेश उत्सव मुलाकात का कारण बना, पर बातचीत अधूरी रह गई। इसके बाद सितंबर में ही उद्धव ठाकरे फिर से राज ठाकरे के शिवतीर्थ निवास पर पहुंचे। 5 अक्टूबर : 5 जुलाई को एक साथ आए ठाकरे बंधु स्थानीय स्वराज संस्था और महानगरपालिका चुनाव में गठबंधन करेंगे क्या, इस पर चर्चाएं शुरू हुईं। इन्हीं चर्चाओं के बीच तीन महीनों में पांचवीं बार ठाकरे बंधु फिर साथ दिखे। इस बार शिवसेना के सांसद संजय राउत के नाती (पोते) के नामकरण समारोह में दोनों परिवार सहित उपस्थित रहे। 12 अक्टूबर: राज ठाकरे अपने परिवार के साथ उद्धव ठाकरे के मातोश्री निवास पर स्नेहभोजन के लिए पहुंचे।

## एनसीपी विधायक की अपील पर भड़के अजित पवार



**सोलापुर.** जिले में हिंदू आक्रोश मोर्चा का आयोजन किया गया। इस सभा में भाषण देते वक्त राष्ट्रवादी कांग्रेस अजीत पवार गुट के विधायक संग्राम जगताप ने सभा को संबोधित करते हुए हिंदुओं से खास अपील की है। उन्होंने कहा, 'मैं आप सभी से विनती करता हूं कि आप सिर्फ दिवाली के वक्त हिंदू व्यक्ति की दुकान से ही वस्तु खरीदें ताकि सारा नफा सिर्फ हिंदू व्यक्ति को ही हो।' संग्राम जगताप के इस बयान पर राष्ट्रवादी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजित पवार ने नाराजगी जाहिर की है। संग्राम जगताप से उनके इस बयान पर अजित पवार ने सफाई मांगी है। संग्राम जगताप एनसीपी से तीन टर्म के विधायक हैं। अहिल्यानगर शहर चुनाव क्षेत्र से वे लगातार चुनाव जीतते आ रहे हैं।

## हॉस्टल में मासूमों के साथ दरिंदगी, बच्चों को बेल्ट और बैट से पीटा

**कोल्हापुर.**

कोल्हापुर जिले से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां तलसांडे में स्थित शामराव पाटील कॉलेज के हॉस्टल में मासूम बच्चों के साथ मारपीट का वीडियो सामने आया है। वीडियो में कुछ सीनियर छात्र जूनियर छात्रों को बेल्ट, बैट और लात-घूंसों से बेरहमी से पीटते हुए दिखाई दे रहे हैं। यह दृश्य इतना दर्दनाक है कि इसे देखकर कोई भी सिहर उठे। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वहीं वीडियो वायरल होने के बाद लोगों में इस क्रूर व्यवहार के खिलाफ काफी आक्रोश देखा जा रहा है। इस मामले में पुलिस व प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग की जा रही है। वायरल वीडियो में एक बच्चा बेल्ट लगने के बाद दर्द से चीखता हुआ नजर आता है। बताया जा रहा है कि यह पूरी घटना हॉस्टल के अंदर हुई, जहां सीनियर छात्रों ने जूनियर छात्रों को बुरी तरह पीटा। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, यह अमानवीय व्यवहार कई दिनों से जारी था, लेकिन किसी ने डर के कारण आवाज नहीं उठाई। वीडियो वायरल होने के बाद वडगांव पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने कहा है कि वीडियो की सत्यता की जांच की जा रही है और आरोपियों की पहचान के लिए सीसीटीवी व मोबाइल फुटेज की मदद ली जा रही है। घटना का वीडियो सामने आने के बाद अभिभावक और सामाजिक कार्यकर्ता हॉस्टल प्रशासन की लापरवाही पर सवाल उठा रहे हैं। कई लोगों ने आरोप लगाया कि कॉलेज प्रबंधन ने समय रहते कोई कदम नहीं उठाया। इससे नाराज अभिभावकों ने हॉस्टल जाकर बच्चों की सुरक्षा की जानकारी ली और पुलिस से दोषियों को तुरंत हिरासत में लेने की मांग की है। इस घटना पर स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ताओं ने शिक्षा उपनिदेशक कार्यालय में ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन के जरिए इस अमानवीय घटना की उच्चस्तरीय जांच और स्कूल प्रशासन पर कार्रवाई की मांग की गई है।

## चाकू से गोदकर प्रेमिका को मार डाला

**पुणे.**



पुणे से चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक बॉयफ्रेंड ने अपनी गर्लफ्रेंड की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। बॉयफ्रेंड को शक था कि उसकी गर्लफ्रेंड का किसी और से नाजायज संबंध है। हैरानी की बात ये है कि घटना को अंजाम देने के बाद बॉयफ्रेंड फरार नहीं हुआ बल्कि उसने पुलिस के सामने जाकर थाने में सरेंडर कर दिया। प्रेमी ने नाजायज संबंध के चलते प्रेमिका की हत्या की वारदात को अंजाम दिया। इसके बाद प्रेमी ने खुद ही पुलिस थाने में जाकर प्रेमिका की हत्या का जुर्म भी कबूला। इसके बाद पुलिस ने हत्यारे प्रेमी को हिरासत में लेकर वारदात की जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि प्रेमी का नाम दिलावर सिंह है, जो पुणे के पिसौली इलाके का रहने वाला है। वहीं मृतक प्रेमिका की पहचान मेरी मल्लेश तेलुगू के रूप में हुई है। उसकी उम्र 26 साल थी। वह शीतला नगर देहुरोड की निवासी थी। वाकड़ इलाके के पुलिस अधिकारी डीसीपी विशाल गायकवाड के द्वारा मिली जानकारी के अनुसार, दिलावर को यह शक था कि उसकी गर्लफ्रेंड मेरी के किसी से नाजायज संबंध चल रहे हैं।

दोपहर वह मेरी को वाकड़ इलाके के एक लॉज में अपने साथ ले गया। यहां उसने मेरी का मोबाइल फोन खंगाला। इसके बाद दिलावर का शक हकीकत में बदल गया और उसने चाकू से लगातार हमला करते हुए मेरी को मौत के घाट उतार दिया। इस वारदात को अंजाम देने के बाद दिलावर अपनी गाड़ी से पुणे के कोंडवा इलाके में स्थित पुलिस थाने पहुंच गया और वहां उपस्थित अधिकारियों को उसने हत्या की इस वारदात के बारे में जानकारी दी। इसके बाद कोंडवा पुलिस ने वाकड़ पुलिस को उस घटनास्थल की जानकारी दी। जब पुलिस मौके पर पहुंची तो मेरी की लाश खून में लथपथ पड़ी हुई थी।

## सिडान कार से गाय चोरी, 4 गिरफ्तार

**अकोला.** पुलिस ने गौ तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 7 आरोपियों को पकड़ा है। आरोपियों ने एक ही रात में दो जगह पर सिडान कार से गाय चोरी की थी। आरोपियों के पास से तीन सिडान कार समेत 16.97 लाख रुपये का माल जब्त हुआ है। इस मामले में कुल 11 अपराधों का खुलासा हुआ है। अकोला में गोवंश चोरी करने वाली एक संगठित गैंग ने एक ही रात में दो जगहों से सिडान कार के जरिए गाय चोरी की थी। पुलिस ने एक मारुती सुजुकी स्विफ्ट डिजायर और दो होंडा अमेज कार के साथ 1.52 लाख रुपये कैश भी बरामद किया है।

**मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

ई–टेंडर निविदा क्र:–**42-2025-COA-BZU-AMF-WR dt.: 10.10.2025 कार्य का नाम:** नागपुर मंडल के बैतूल, आमला और वर्धा स्टेशनों पर क्षेत्रीय इंटरचेंज बिंदुओं पर (सीओए) कनेक्टिविटी के लिए मौजूदा डेटालॉगर नेटवर्क का विस्तार। **अनुमानित लागत:** Rs. 2444220/– **बयाना रकम:** Rs. 48900/– **निविदा बंद करने की तिथि तथा समय:** 03.11.2025 को 15.00 बजे तक है। विस्तृत जानकारी रेल्वे वैबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखे।

**ANJ/36/239** **DSTE(North)Nagpur**

टिकट के लिए UTS APP डाउनलोड करे

## मेट्रो CLASSIFIED बिजनेस

MSBVE / MSBTE महाराष्ट्र शासन मान्य
AYUSHMAN COLLEGE & HOSPITAL
KAMPTEE, NAGPUR (MS.)
आयुष्मान मेडिकल पॅरामेडिकल कॉलेज
सईद नगर, बालाजी मंदिर के सामने, कलमना रोड, रनाला, कामठी
महाराष्ट्र हमारे कोर्स
BSc MLT, BVOC MLT, PGDMLT / ADMLT (MSBTE) ADXR (MSBTE), DMLT, DDT, DNYS, DAT, GNMA, CCOT, Health Sanitary Inspector, Radiology Technician
इंटर्नशिप आपको सरकारी हॉस्पिटल मे मिलेगी
ADMISSION OPEN 2025-26
8651512020, 8651513030

DR. NANDI PATH LAB
Committed to your Wellness
OUR SERVICES: • BLOOD TESTS • BIOCHEMISTRY • HEMATOLOGY • MICROBIOLOGY • SEROLOGY & MORE
DR. GAURAV NANDI MBBS, MD (Patho)
Ex. ASSTT PROFESSOR SMCW, PUNE
Mobile No.: 8767516249 | 7420869774
Near Nutan Saraswati School, Main Road, Kamptee, Nagpur

श्री सतगुरु ट्रैवल्स
• 1 ऑगस्ट अयोध्या काशी
• १४ ऑगस्ट आग्रा मथुरा वृंदावन
• ७ सप्टेंबर केदारनाथ चारधाम यात्र
• २७ ऑक्टोबर केरळ कन्याकुमारी
• २८ ऑक्टोंबर गुजरात राजस्थान
• १६ नोव्हेंबर आणि १० डिसेंबर अंदमान
• ३ जानेवारी गंगासागर नेपाळ
संपर्क आशीष लक्ष्मीनारायण कावळे
7498753939, 93095 96390
8698495200, 9823454945

अल्का लाडे प्रस्तुत "ज़िंदगी का सफर"
Organizar संकल्प बहुद्देशीय संस्था
सुहाना म्यूज़िकल ग्रुप
(लाइव ऑर्केस्ट्रा पर सुमधुर गीतों की प्रस्तुति)
Alka Lade बॉलिवुड गायिका
Contact For Participate 9373108897, 7798900066 9579254999
Per Song 1500
दि. 10 आगस्ट 2025 दोप. 3 बजे से रात 9.30 बजे तक
अमृत भवन, झांसी रानी चौक, सितार्बडी, नागपुर

धनवटे ऑनलाइन सर्विसेस
7/12 डिजिटल, ई-अभिलेख, 8 अ डिजिटल, ई- मोजनी, प्रॉपर्टी कार्ड, अधिकार क्षेत्र, झोन सर्टिफिकेट, वर्ग 2 ते वर्ग 1 अर्ज, अखिव पत्रिका, 7/12 फेरफार साठी अर्ज, फेरफार अर्ज,
राजेश धनवटे
9561498551
उपजिला रुग्णालय रोड, हैदरी चौक कामठी

VATSALYA Preschool
"Little Minds, Big Adventures"
Nurturing Young Minds with Heart and Purpose
Pre-Nursery, Nursery, KG1, KG2
Enquire now
More Information 9834172396
Address : Near Ashapurak Ganesh Mandir Ground, Professor Colony, Ranala, Kamptee

NISHCHAY TRAVELS
All types of AC & Non-AC Vehicles Available
Buses 30, 40 & 50 Seater Available
Plot No. 35, House No. 40, Kamptee Road, Shri Hari Nagri Near Ram Vatika, Bhilgaon, Nagpur-441002
: Contact :
Avinash Zanzote 9850340105 7972365539
Vilas Zanzote 9372211220 9112274567

प्रवेश सुरू... प्रवेश सुरू... प्रवेश सुरू...
नवयुग एज्युकेशन आणि बहुउद्देशीय संस्था कन्हान द्वारा संचालित
ADMISSION OPEN FOR 2024-2025
मारोतराव पानतावणे ज्यु. कॉलेज
११ व १२ वी कला, वाणिज्य, विज्ञान
मारोतराव पानतावणे महाविद्यालय
(राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज नागपूर विद्यापीठ नागपूर द्वारा संलग्नित)
B.A., B.Com, B.Sc.कला, वाणिज्य, विज्ञान
कार्यालय वेळ सकाळी १० ते सायं. ५ पर्यंत
SC/ST/OBC/VJNT विद्यार्थ्यांना BA/B.Com/B.Sc ला निःशुल्क प्रवेश देण्यात येईल.
स्कॉलरशिप ची सुविधा उपलब्ध आहे.
संपर्क : मारोतराव पानतावणे महाविद्यालय, गहुहिवरा रोड, कांद्री-कन्हान
07102-236484, 9373120336, 9834985854, 8766643359

2025 ADMISSION OPEN
FOR I.T.I. ELECTRICIAN & FITTER
Eligibility 10th Pass
FREE ADMISSION FOR GIRLS
Maharashtra Govt. SCHOLARSHIP UPTO 100% for SC/ST/OBC/EWS boys & girls
CONTACT US
RABBANI ITI
Near Samaj Bhawan, Imli Bag, Kamptee 441001 Dist. Nagpur (M.S.)
9021132527 7721877941 9021194901

तुळजाभवानी ट्रेडर्स
कलमना रोड, महालक्ष्मी कॉम्प्लेक्स, रनाला चौक, कामठी
हमारे यहां गिट्टी, ईटा, राखड, मुरूम आदि का सप्लाई किया जाता है।
ठोक व चिल्लर विक्रेता
JCP Work 24 हमारे यहां उपलब्ध है
M. : 7987262970 | 9175172712

प्लस प्वाइंट ट्युशन क्लासेस
10, 11, 12 वीं की सभी विषयों की अनुभवी शिक्षकों द्वारा ट्युश्न क्लासेस ली जाती है।
प्रोप्रा. मो. सलमान शेख
मोटर स्टँड मस्जिद के पास, कामठी
तारसा रोड, कन्हान

ADMISSION OPEN
RKS PUBLIC SCHOOL
NURSERY to Std. IX
OUR FACILITY
Computer Lab • Cricket
Karate Class • Swimming Pool
Skating Class • Basket Ball
M. 8087955831 8956785080
Jaripatka Police Station Road, Nara, Nagpur

ZOREN PROPERTY DEALERS
हमारे यहाँ खेती, फ्लॅट, डुप्लेक्स, घर, बंगलो, फार्म हाऊस, रिसॉर्ट खरेदी और बेचा जाता है
अफसर खान
M. 9371381114, 7038696893
सभी प्रकार के प्रॉपर्टी पेपर का काम किया जाता है

3 STAR HOTEL
LODGING, BOARDING & RESTAURANT
AC / Non AC Room
8983305535, 8055705535
पता: घोरपड बस्ती, लिहीगांव रोड, कामठी

VIDEO GAMES SHOP
Convert VHS to Pendrive, Harddiskh
VHS को पेंनड्राइव में डालते है.
कोई भी पुरानी Video Cassette Recorder (VRC) शादी एंवम कोई भी पुरानी (VHS) कार्यक्रम की Video Cassette (VHS), VCD, CD, DVD, को Pendrive या Harddisk में Convert किया जाता है.
All Video Game for Sell & Repair Services also available
Only Place for Harddisk Loading
All type of USB & Electrical Accessories
All type of video game are available
Repair your Video Games, PS 2, 3, 4 & X Box
Order for Digital Video, Photo Album
DHAMTI VIDEO FILMS
9423771189, 9595399588
FOR SALE
Plot Size 500 sqft. Construction 1000 sqft. RANALA, KAMPTEE

**पाठकगणों को विनम्र सूचना :** दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार में प्रकाशित होने वाले विविध विज्ञापनों की जांच-पड़ताल करने के बाद ही पाठकगण विज्ञापन के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर आर्थिक व्यवहार करें। प्रकाशित विज्ञापन में अपने उत्पादन के संदर्भ में या सेवा के संदर्भ में विज्ञापन दाताओं द्वारा जो दावे पेश किए जाते है, उनकी दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार पत्र कोई गारंटी के साथ जवाबदेही नहीं देता। साथ ही विज्ञापन में किये गये दावों से दुष्परिणाम के लिए दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार पत्र के मुद्रक, प्रकाशक, संपादक तथा मालिक जिम्मेदार नहीं होंगे। कृपया पाठकगण उपरोक्त संबंध में ध्यान दें।

**विज्ञापन हेतू संपर्क करें : सौमित्र नंदी, उपसंपादक मोबाइल नं. 9604758944, 9881272088**



## सुविचार

बीते हुए कल से सीखो, आज के लिए जियो, आनेवाले कल के लिए आशा रखो।

## संपादकीय

# मोदी-ट्रंप ने की ट्रेड डील पर चर्चा

भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील किसी अंजाम पर नहीं पहुंची है, लेकिन बातचीत का जारी रहना सकारात्मक संकेत है। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के बीच वार्ता में ट्रेड का जिक्र आना बताता है कि मतभेद कम हो रहे हैं। हालांकि ट्रंप के रवैये को देखते हुए इस बारे में पक्के तौर पर कुछ भी नहीं कहा जा सकता।सही दिशा में प्रगति- दोनों नेताओं के बीच गाजा शांति समझौते पर बात होनी थी, पर ट्रेड डील पर भी चर्चा हुई। दोनों तरफ का उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल लंबे समय से डील पर बात कर रहा है। रंप ने इस मुद्दे पर भले कई बयान दिए हों, लेकिन भारतीय प्रधानमंत्री की तरफ से डील पर कभी कुछ नहीं कहा गया। अब उनकी तरफ से जिक्र होने का यही मतलब निकलता है कि बात सही दिशा में आगे बढ़ रही है। भारत और ब्रिटेन के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट के लिए तीन साल से बातचीत चल रही थी। तब जाकर इस जुलाई में पीएम मोदी की ब्रिटेन यात्रा के दौरान समझौते पर हस्ताक्षर हो सके और अब भी इसे लागू करने में यह पूरा साल गुजर जाएगा। ऐसे में भारत-अमेरिका समझौते के तुरंत फाइनल हो जाने की उम्मीद नहीं करनी चाहिए और वह भी तब, जब कुछ मुद्दों पर पेच फंसा हुआ है। अमेरिकी शिकायत भारत से होने वाले व्यापार घाटे, कृषि व डेयरी उत्पाद और रूसी तेल को लेकर है। अब ऐसा लग रहा है कि बीच का रास्ता निकलने लगा है। भारत ने अमेरिका से अधिक मात्रा में तेल, गैस और एथेनॉल खरीदने का प्रस्ताव दिया है। हालांकि, समझौता तभी फाइनल हो सकता है और तभी उस पर सफलतापूर्वक अमल किया जा सकता है, जब दोनों पक्ष लचीला रुख अपनाएं। ट्रंप एडमिनिस्ट्रेशन को भारतीय जरूरतों को समझना होगा। अमेरिका के साथ डील का मतलब यह नहीं हो सकता कि भारत अपने दूसरे व्यापारिक सहयोगियों को किनारे कर दे। ट्रंप के दौर में अमेरिकी पॉलिसी अनिश्चित रही है, तो बातचीत की मेज पर भारतीय वार्ताकार अब भी रिलैक्स नहीं हो सकते। उन्हें मजबूती से पक्ष रखना होगा और यूएस को समझाना होगा कि यह डील दोनों ही देशों के लिए जरूरी है। यह तभी हो सकती है जब संवाद, सहयोग, एक-दूसरे की चिंताओं की समझ और आपसी सम्मान हो।

# राज्यपाल को किसानों की कर्जमाफी की दुहाई



महाराष्ट्र की राजनीति आज एक ऐसे मोड़ पर पहुच गई है, जहां राज्य की प्रतिष्ठा और सम्मान पर सवाल उठने लगे हैं। कभी अपनी विनम्र, मृदु और गंभीर भाषा के लिए पूरे देश में जाना जाने वाला महाराष्ट्र आज राजनेताओं की अनावश्यक और अपमानजनक भाषा से कलंकित हो चुका है। सहकारिता मंत्री बाबासाहब पाटिल के हालिया विवादास्पद बयानों ने इस स्थिति को और भी शर्मनाक बना दिया है।

पाटिल ने हाल ही में कहा कि चुनाव जीतने के लिए नेताओं को कुछ भी वादा करना पड़ता है, और किसानों ने कर्जमाफी की आवाज़ सुनी है। पर क्या उन्होंने कभी सोचा कि किसान कर्जमाफी बार-बार क्यों मांगते हैं? क्या उन्हें किसानों की कठिनाइयों, खेतों में गर्मी, बारिश, ठंड और सूखे जैसी प्राकृतिक विपत्तियों का दर्द समझ आता है? देश के 140 करोड़ लोगों के पेट भरने वाला किसान, हर मौसम और परिस्थिति में खेतों में मेहनत करता है। लेकिन सहकारिता मंत्री का बयान उन किसानों के घावों पर नमक छिड़कने जैसा है।

महाराष्ट्र के कई हिस्सों में भारी बारिश से किसान बेहाल हैं। मराठवाड़ा, विदर्भ, कोंकण जैसे क्षेत्रों में फसलें नष्ट हो गई हैं, खेतों की मिट्टी बह गई है, और कुछ जगहों पर जान भी गई है। ऐसे संकट के बीच किसानों की आत्महत्या की घटनाएं भी कम नहीं हो रही हैं। ऐसे वक्त में मंत्री का गैरजिम्मेदाराना बयान किसानों की पीड़ा को और बढ़ाता है। किसान देश के अन्नदाता हैं, उनकी सम्मानजनक मदद की जानी चाहिए। वहीं, मंत्री और नेता अपने पदों का दुरुपयोग कर सत्ता के लिए किसानों के जख्मों पर salt छिड़क रहे हैं। किसानों की समस्याओं को समझे बिना वोट बैंक की राजनीति करना निंदनीय है। पाटिल को यह समझना होगा कि किसान की कर्जमाफी उनकी जेब से नहीं बल्कि राज्य की जनता के हित में होती है।

राज्य में महंगाई की मार के बीच किसान अपनी उपज का उचित मूल्य भी नहीं पा रहे हैं, जिससे वे कर्ज लेने को मजबूर हैं। ऐसे में नेताओं को विवादास्पद बयान देना छोड़, किसानों की मदद के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए।

किसान ही देश की असली ताकत हैं, और उनके सम्मान और सम्मान की रक्षा करना सभी राजनेताओं का कर्तव्य है। अंत में, ऐसे नेताओं को, जो किसानों की पीड़ा को समझने और उसे कम करने की कोशिश नहीं करते, संवैधानिक पदों पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं होना चाहिए। हमें उम्मीद है कि सरकार और राज्यपाल इस मुद्दे को गंभीरता से लेंगे और किसानों के हित में उचित कार्रवाई करेंगे।

## लघुकथा


मुकेश शेषमा

# पहली तनख्वाह

पहली तनख्वाह मिलते ही रामलाल ने पिताजी के लिए नया सफारी सूट खरीदा और सीधा पहुचा स्टेशन रोड पर स्थित उनकी छोटी-सी चाय की दुकान पर। उसने सफारी खरीदने के बाद बचे लगभग 27 हजार रुपये लिफाफे में भरकर रख लिए थे। पहुचते ही पिताजी के चरण स्पर्श कर बोला, `बापू, ये सफारी आपके लिए। और ये मेरी सेलरी के बचे हुए पैसे। आंखे भर आईं श्यामलाल की। इस दिन के लिए उसने पिछले बीस साल से क्या कुछ नहीं किए थे। काश! उसकी मां भी ये दिन देख पाती, जो पंद्रह साल पहले ही एक दुर्घटना में गुजर गई थी। छलकने को आतुर आंसुओ को रोकते हुआ बोला, "ये क्या रामा? मेरे लिए नये सफारी सूट की क्या जरूरत थी? अपने लिए कुछ ढंग के कपड़े लिए होते। मेरा क्या है मैं तो दुकान पर कुछ भी पहनकर काम चला लेता हू। तुम तो स्कूल में टीचर हो गए हो। ढंग के कपड़े तो तुम्हारे पास होने चाहिए। और ये पैसे, बेटा, ये अपने पास ही रखो।` `नहीं बापू, ये महज सफारी सूट नहीं, मेरा सपना है, जो बचपन से ही देखता था। जब आप कड़ाके की ठंड में भी सुबह - सुबह फटी बनियान और शॉल ओढ़कर दुकान खोलते और देर रात तक उसी हाल में रहते, तो मैं स्कूल आते-जाते अकसर सोचता कि बड़ा होकर जब कमाने लगूंगा, तो सबसे पहले आपके लिए सफारी खरीदूगा। बाकी के पैसे तो आपके पास ही रहेंगे, मैं आपसे मांग लिया करूंगा।

## होम टिप्स

# दिवाली के लिए बर्तन साफ़ करने के घरेलू नुस्खे



लंबे समय तक इस्तेमाल न होने की वजह से इन बर्तनों में जंग लगना आम बात है. इसे साफ करना भी काफी मुश्किल होता है. लोग कई महंगे प्रोडक्ट्स लाते हैं और बर्तनों को चमकाने की कोशिश करते हैं. लेकिन बहुत कम लोग ही जानते हैं कि घर में रखी कुछ चीजें इन बर्तनों को चुटकियों में चमका सकती हैं. चलिए आपको इस आर्टिकल में बताते हैं ऐसे ही आसान और असरदार हैक्स. नींबू और बेकिंग सोडा- चांदी के बर्तन को चमकाने के लिए आप बेकिंग सोडा और नींबू का इस्तेमाल कर सकती हैं. इस दोनों को मिलाकर एक पेस्ट बना लें और एक साफ कपड़े की मदद से बर्तन को अच्छे से पोछें. एक ही मिनट में चांदी का बर्तन बिल्कुल नया जैसा हो जाएगा. टूथपेस्ट का करें यूज- टूथपेस्ट चांदी को साफ करने के लिए बहुत असरदार माना जाता है. आपको बस टूथपेस्ट को ब्रश पर लेना है और बर्तन पर रगड़ना है.

पानी से धोते ही बर्तन एक दम चमक जाएगा. एल्युमिनियम फॉयल ट्रिक- ये ट्रिक भी चांदी को चमकाने में कारगर है. आपको गर्म पानी में नमक और बेकिंग सोडा मिलाना है. अब बर्तन पर एल्युमिनियम फॉयल लपेट कर उसे उस पानी में डाल दें. कुछ देर बाद बर्तन को पानी से निकालेंगे तो चांदी एक दम साफ मिलेगी.आटे का घोल- पीतल के बर्तन को साफ करने के लिए आटे का घोल तैयार कर सकती हैं. इसमें आपको आटा, नमक और सिरका मिलाना है और पीतल के बर्तन पर अच्छे से रगड़ना है. फिर गुनगुने पानी से धो लें. बर्तन नया जैसा हो जाएगा.

## कहानी

मंजुला

# मां का रूप

मधु नौलखा हार हाथों में लिए सोच रही थी कि जो इतने सालों से सासू मां का रूप देखा वो सच है या जो पिछले दिनों देखा वो सच है या फिर उसे ही समझने में भूल हुई। हार हाथों में लिए न जाने कब अतीत में पहुच गई। जब वो ब्याह कर आई थी, अपने मायके में तो बस वो अनचाही बेटी भर थी जो तीन बहनों के बाद बेटे की चाह में पैदा हो गई थी, बाकी की बहनों की तरह बस जैसे तैसे पल गई। मधु के पति ने उसे किसी के ब्याह में देखकर पसंद किया था, और सामने से रिश्ता लेकर आए थे। कहते हैं एक ज़माने में बहुत पैसे वाले लोग थे। अब न पैसा रहा न शोहरत, बस एक छोटी सी परचूरन की दुकान थी। एक ब्याहता ननद थी और सासूमा थीं। एक पुराना टूटा- फूटा खानदानी घर था। पिता ने बस ब्याह करके अपने कर्तव्य की इतिश्री कर ली! मायके में तो वैसे भी उसे किसी से कोई खास स्नेह नहीं मिला था। हा बाकी की बहने बड़ी थीं, तो घर के काम वे ही कर लेती थीं। इसलिए उसे घर के कामों की कोई खास समझ न थी। यहा आई तो सासु माँ रोबीली सी मिलीं। जब मां से ही प्यार न मिला तो सास से क्या उम्मीद करे उसे याद है जब पहली बार पूड़िया तल रही थी, एक पूड़ी हाथ से फिसलकर सीधा कढ़ाई में जा गिरी और खौलता हुआ तेल उछलकर हाथ में आ गया था।

कितनी ज़ोर से चीखी थी वह!! सासु मां दौड़कर आईं और चीखते हुए कहा हे भगवान! इस लड़की को ज़रा भी काम की समझ ना है! देखो कितना जला लिया!! और भी न जाने क्या क्या बोले जा रही थीं। कभी उसका हाथ ठंडे पानी में डालतीं कभी जले पर घी लगातीं। लेकिन डांटना जारी था, उसके बाद मधु जब भी कोई तेल का काम करने जाती तो तुरंत कहतीं रहने दो हम कर लेंगे तुमसे न होगा, सब कहेंगे सास ने जला दिया बहू को। अब ये उनकी चिंता थी या ताना ये वह ना समझ पाई।

## कथा

राजेन्द्र ओझा

# सन्नाटे में अकेला

रात का समय था, यही कोई नौ - साढ़े नौ का। यह कोई बहुत गहरी रात नहीं थी, कि सन्नाटा पसर जाए। पर इन दिनों रात तो क्या दिन में भी सड़कों पर वीरानगी छायी रहती है। डिक्शनरी में रहे होंगे लेकिन लोक डाउन, क्वारंटिन, आइसोलेशन जैसे कुछ शब्द नये की तरह इन दिनों ज्यादा ही प्रचलित है। वह अकेला था सड़क पर। रात थी लेकिन सडक बत्ती की रौशनी चारों ओर थी। रंग से सांवला और कद - काठी से दुबला और लगभग वजन शून्य वह ठीक से चल भी नहीं पा रहा था, लगा कि शराब पीये घूम रहा है।

फिर याद आया लोक डाउन में सब बंद है। ठीक से न चल पाने का शराबी कारण पिघल कर बह चुका था। कोशिश करके उसने खुद को मंदिर की तरफ धकेला। मंदिर के कपाट बंद है, आज से नहीं पिछले बीस दिन से बंद है। मंदिर की तरफ देखते वह कुछ देर खड़ा रहा। वह कुछ बुदबुदाया और आवाज को `पहुंच गई` मानकर, अपने को सम्हालते वह आगे बढ़ गया। हमारे घर के सामने वह फिर रुका।

`भूखा होगा बेचारा` श्रीमती ने कहा और छत से नीचे उतरकर खाना निकालने चली गयी। वह फिर आगे बढ़ गया।

सीढियां चढ़ते हुए तालाब तक पहुंच गया। चौरे पर बैठा, कुछ देर सोया भी। नीचे उतरकर दूसरे मंदिर की तरफ बढ गया। इस बार वह बुदबुदाया नहीं। आवाज भीतर ही टूट कर बिखर गई थी। श्रीमती खाना लेकर आ गई थी और मैं खाना लिए खड़ा था। वह हमारे घर के सामने था। मैंने आवाज लगाकर पूछा - खाना.

## हस्तरेखाएं

# हथेली की ये रेखाएं बनाती हैं भाग्यशाली



हिंदू धर्म में हस्तरेखा शास्त्र का विशेष महत्व होता है। हस्तरेखा शास्त्र के अनुसार किसी भी व्यक्ति की जानकारी हथेली पर बनी रेखाओं के जरिए प्राप्त हो जाती है। हस्तरेखा शास्त्र के जरिए इंसान भविष्य व भूतकाल का अनुमान लगा सकता है। हस्तरेखा शास्त्र में व्यक्ति की हथेली को पढ़कर उसके चरित्र या भविष्य के जीवन का मूल्यांकन किया जाता है। किसी की सीधी लंबी रेखा, किसी के हाथ में कटी-टूटी रेखा किसी की हथेली पर आड़ी-तिरछी भाग रेखा होती है। हस्तरेखा शास्त्र के अनुसार जब कोई रेखा जहां से हथेली के मूल यानी कलाई के पास (मणिबंध) से शुरू होकर सीधे मध्यमा अंगुली पर जाकर मिलती हो उसे ही भाग्य रेखा कहते हैं। माना जाता है कि यह रेखा व्यक्ति के जीवनपथ से जुड़ी हुई होती है। इस रेखा से ही व्यक्ति के भाग्य का पता चलता है। हस्तरेखाशास्त्र के अनुसार जिनकी हथेली में भाग्य रेखा सीधी चलकर शनि पर्वत पर पहुंचती है वह व्यक्ति धनी होता है। ऐसे लोग भाग्यशाली होते हैं। इन लोगों को जीवन में धन की कभी कमी नहीं होती है। इन लोगों को नौकरी में ऊंचा पद और समाज में भरपूर मान-सम्मान मिलता है। ऐसे लोग जीवन में सफलता हासिल करते हैं।हस्तरेखा शास्त्र के अनुसार वहीं अगर कोई रेखा शनि पर्वत पर पहुंचकर बंट जाए और गुरू पर्वत यानी तर्जनी उंगली के नीचे पहुंच जाए तो व्यक्ति बहुत ही भाग्यशाली होता है। ऐसा व्यक्ति उच्च पद और प्रतिष्ठा प्राप्त करता है।

## वास्तुशास्त्र

# दिवाली से पहले घर लाएं ये पौधे, मां लक्ष्मी होंगी प्रसन्न

हर साल कार्तिक मास की अमावस्या तिथि के दिन दिवाली का त्यौहार बड़े धूमधाम से मानाया जाता है. दिवाली के दिन घर दीयों से रौशन करने की पंरपरा है. साथ ही इस दिन माता लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की जाती है. इस साल दिवाली 20 अक्टूबर को मनाई जाने वाली है. दीपों के इस त्योहार पर घर में कुछ पौधे लगाना बहुत ही शुभ होता है. भगवान विष्णु को तुलसी का पौधा अति प्रिय. इस पौधे में माता लक्ष्मी का वास होता है. तुलसी माता लक्ष्मी का ही स्वरूप मानी जाती हैं. घर में तुलसी का पौधा लगाने से माता लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं और आशीर्वाद देती हैं, तुलसी, धार्मिक, स्वास्थय और वास्तु तीनों के लिहाज से शुभ मानी जाती है. मनी प्लांट बहुत शुभ माना जाता है, धार्मिक मान्यता है कि जहां ये पौधा लगा होता है, वहां माता लक्ष्मी प्रसन्न होकर प्रवेश करती हैं. इससे घर में खुशहाली और सुख-शांति बनी रहती है. सफेद पलाश बहुत लाभकारी होता है. माना जाता है ये पौधा बिमारियों से मुक्ति दिलाता है. ये पौधा माता लक्ष्मी का माना जाता है. इसे अगर घर या पूजा स्थल पर लगाया जाता है, तो समृद्धि और वैभव बढ़ता है. घर में सकारात्मक उर्जा रहती है. घर के मुख द्वार पर स्नेक प्लांट लागना बहुत शुभ माना जाता है. इस पौधे से धन आकर्षित होता है. नौकरी और कारोबार में तरक्की होती है. ये पौधा घर में शांति और संतुलन बनाए रखता है. इस पौधे को घर में लगाने से नकारात्मकता नहीं आती.

## कोलंबस दिवस



कोलंबस दिवस अमेरिका के कई देशों और अन्य जगहों पर एक राष्ट्रीय अवकाश है, और संयुक्त राज्य अमेरिका में एक संघीय अवकाश है, जो आधिकारिक तौर पर क्रिस्टोफर कोलंबस के अमेरिका आगमन की वर्षगांठ मनाता है। वह 12 अक्टूबर, 1492 [ओएस] को बहामास के एक द्वीप गुआनाहानी में उतरे। [ए] 1493 में अपनी वापसी पर, उन्होंने अपने संचालन के तटीय आधार को 70 मील (110 किमी) पूर्व में हिस्पानियोला द्वीप पर स्थानांतरित कर दिया, जो अब डोमिनिकन गणराज्य है और ला इसाबेला की स्थापना की, जो अमेरिका में पहली स्थायी स्पेनिश बस्ती थी। क्रिस्टोफर कोलंबस (इतालवी: क्रिस्टोफोरो कोलंबो जेनोआ का एक इतालवी खोजकर्ता था जिसने सुदूर पूर्व के लिए एक वैकल्पिक मार्ग की तलाश में अटलांटिक महासागर को पार करने के लिए एक स्पेनिश समुद्री अभियान का नेतृत्व किया था। कोलंबस का मानना था कि वह अपने चालक दल को ईस्ट इंडीज ले गया था, लेकिन यूरोपीय लोगों को वर्षों बाद एहसास हुआ कि उसकी यात्राओं ने उन्हें नई दुनिया में पहुंचा दिया। नई दुनिया के लिए उनकी पहली यात्रा स्पेनिश जहाजों नीना, पिंटा और सांता मारिया पर की गई थी और इसमें लगभग तीन महीने लगे थे। नई दुनिया में चालक दल के आगमन ने स्पेन द्वारा अमेरिका के उपनिवेशीकरण की शुरुआत की, जिसके बाद आने वाली शताब्दियों में अन्य यूरोपीय शक्तियों ने भी, साथ ही नई और पुरानी दुनिया के बीच पौधों, जानवरों, संस्कृति, मानव आबादी और तकनीक के हस्तांतरण को भी शुरू किया, लैंडिंग को संयुक्त राज्य अमेरिका में कोलंबस दिवस के रूप में मनाया जाता है, लेकिन नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भिन्न होता है। कुछ लैटिन अमेरिकी देशों में, 12 अक्टूबर को दीया डे ला रजा या "रेस का दिन" के रूप में जाना जाता है। यह मेक्सिको के लिए मामला था, जब तक कि इसका नाम बदलकर "बहुसांस्कृतिक राष्ट्र का दिन" नहीं कर दिया गया। स्पेन जैसे कुछ देश छुट्टी को हिस्पैनिकता दिवस या दीया डे ला हिस्पैनिडैड के रूप में संदर्भित करते हैं और यह स्पेन का राष्ट्रीय दिवस या फिएस्टा नैशनल डी एस्पाना भी है, जहां यह ला विरजेन डेल पिलर के धार्मिक उत्सव के साथ मेल खाता है 2009 से, पेरू ने दीया डे लॉस पुएब्लोस ओरिजिनरियोस वाई एल डायलोगो इंटरकल्चरल ("स्वदेशी लोग और अंतरसांस्कृतिक संवाद दिवस") मनाया है। उरुग्वे इसे पैन अमेरिकन डे और दीया डे लास अमेरिकास ("अमेरिका का दिन") के रूप में मनाता इस दिन को इटली में जिओर्नाटा नाज़ियोनेल डि क्रिस्टोफोरो कोलंबो या फेस्टा नाज़ियोनेल डि क्रिस्टोफोरो कोलंबो के रूप में और दुनिया भर के लिटिल इटली में भी मनाया जाता है। बेलीज़ में, इस दिन को स्वदेशी लोगों के प्रतिरोध दिवस के रूप में मान्यता प्राप्त है। पहला कोलंबस दिवस समारोह 12 अक्टूबर, 1792 को हुआ था, जब न्यूयॉर्क के कोलंबियन ऑर्डर, जिसे टैमनी सोसाइटी (टैमनी हॉल के पूर्ववर्ती) के रूप में जाना जाता है, ने ऐतिहासिक लैंडिंग की 300 वीं वर्षगांठ मनाने के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया था। बाल्टीमोर में कोलंबस ओबिलिस्क 1792 में बनाया गया था। कई इतालवी अमेरिकी कोलंबस दिवस को कोलंबस के नहीं बल्कि अपनी विरासत के उत्सव के रूप में मनाते हैं और यह दिन 12 अक्टूबर, 1866 को न्यूयॉर्क शहर में मनाया गया था। यह दिन पहली बार डेनवर में पहली पीढ़ी के अमेरिकी एंजेलो नोसे की पैरवी के माध्यम से संयुक्त राज्य अमेरिका में एक कानूनी अवकाश के रूप में स्थापित किया गया था। पहला राज्यव्यापी अवकाश कोलोराडो के गवर्नर जेसी एफ मैकडॉनल्ड ने 1905 में घोषित किया था और इसे 1907 में वैधानिक अवकाश बना दिया गया था। (कोलोराडो ने 2020 में कोलंबस दिवस को फ्रांसेस जेवियर कैब्रिनी दिवस से बदल दिया,

## आस्था

# नरक चतुर्दशी पर चौमुखी दीपक से करें खास उपाय!

दिवाली के पांच दिवसीय उत्सव में दूसरा त्योहार नरक चतुर्दशी के रूप में मनाया जाता है. यह पर्व कार्तिक महीने के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को पड़ता है. इस पर्व को 'छोटी दिवाली' या 'रूप चौदस' के नाम से भी जाना जाता है. इस दिन विशेष रूप से मृत्यु के देवता यमराज की पूजा की जाती है. इस दिन यमराज की पूजा करने से अकाल मृत्यु का भय दूर हो जाता है. वैदिक पंचांग के अनुसार, इस साल नरक चतुर्दशी 19 अक्टूबर को मनाई जाएगी.

नरक चतुर्दशी के दिन शाम या रात के समय एक मिट्टी का चौमुखी दीपक लेना चाहिए. फिर उसमें सरसों का तेल डालना चाहिए. इसके बाद दीपक में चारों दिशाओं की ओर मुख करके बत्तियां लगानी चाहिए. रात के समय जब घर के सभी सदस्य भोजन करके सोने जा रहे हों तब दीपक को जलाना चाहिए. दीपक घर के बाहर मुख्य द्वार के पास रखा जाना चाहिए. दीपक का मुख दक्षिण दिशा की ओर होना चाहिए. इस यम दीपक को घर के सबसे बड़े सदस्य को ही जलाना चाहिए. दीपक जलाते समय हाथ जोड़कर मृत्युना पाशदण्डाभ्यां कालेन च मया सह या त्रयोदश्यां दीपदानात् सूर्यज प्रीयतामिति मंत्र का जाप करना चाहिए. फिर दीपक को रखने के बाद उसे पलटकर नहीं देखना चाहिए. इतना ही नहीं घर के सदस्यों को भी ये दीपक देखना वर्जित है.इस चौमुखी दीपक को जलाने से यमराज प्रसन्न होते हैं. दीपक परिवार के सदस्यों की अकाल मृत्यु और गंभीर संकटों से रक्षा करता है. दीपक से घर में मौजूद सभी नकारात्मक ऊर्जा नष्ट हो जाती है. घर में सुख-शांति रहती है.


# क्या आप अस्थमा दमा सांस रोग से परेशान हैं

दमा सास या सास की बीमारी खासकर बारिश या ठंडी के मौसम में ज्यादा परेशान करती है कई लोगो को यह बीमारी कई सालो से लम्बे समय से होती है। ये लोग इसके लिए हमेशा आयुर्वेद में हिअ एलोपैथिक स्टेरॉइड, एंटीएलर्जिक मेडिसिन्स खाते रहते है परन्तु उनको केवल टेम्परारी रिलीफ हे मिलता है और तकलीफ नहीं छूटती। परन्तु आयुर्वेद एक ऐसा प्राचीन जीवनशास्त्र (लाइफ साइंस) एवं चिकित्सा शास्त्र (मेडिकल साइंस) है जिससे की सास जड़ से है की बीमारी में तुरंत आराम




मिलता है एवं लम्बे समय तक कम दवाओं में बिना किसी साइड इफेक्ट्स के मरीज़ को आराम मिलता है कुछ इलाज के बाद तो उनको दवाई भी लेने की जरुरत नहीं होती केवल कभी कभी ही तकलीफ होने पर होती है।

सांस (अस्थमा) के रोगियों को चल रही रोगी आज कल चल रही कोरोना पान्डेमिक से भी ज्यादा सावधान रहने की ज़रूरत है क्यूंकि इन रोगियों को कोरोना आसानी से तकलीफ में डाल सकता है। आयुर्वेदिक उपचार में श्वास निवारण सिरप ,चित्रकहरीतकी, वासावलेह , स्पेशल श्वासाहर कैप्सूल ,तुलसी सृंग तुलसी प्लस स्ट्रांग सिरप, खोखो सिरप ,एलीनोज़ कैप्सूल इत्यादि से अस्थमा या सास की बीमारी में जल्दी आराम होते हुए देखा गया है। शिवशंकर आयुर्वेदिक चिकित्सालय सीताबर्डी टेम्पेल बाजार रोड। महाजन मार्किट में स्तिथ योग काम्प्लेक्स में एक ऐसा चिकित्सालय है जहा के अनुभवी डॉक्टर्स इस बीमारी अस्थमा ,श्वासरोग दमा का सटीक एकदम दुष्परिणाम विरहित इलाज करते है। जो रुग्ण पंप इन्हेलर्स का इस्तेमाल करते है उनके पंप लेने का प्रमाण धीरे धीरे काम होकर पूरी तरह से छूट भी जाता है। उनके अस्थमा अटैक्स कम होकर उनकी सेवेंटी भी कम हो जाती है। अस्थमा से पीड़ित इच्छुक रुग्ण 9112079000 / 8605245080 पर संपर्क स्थापित कर इस तकलीफ से आज भी छुटकारा पा सकते है।

सीताबर्डी स्तिथ शिवशंकर आयुर्वेदिक एजेंसी अथवा क्लिनिक में इन दूरध्वनि क्रमांकों पर संपर्क स्थापित करें. 9112079000 / 8605245080.


**नागपुर मेट्रो समाचार :** फैजान मिडिया सर्विसेस प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशकः फैजान सिराज शेख ने देश पब्लिकेशन, ई-30/2 हिंगणा एमआईडीसी, नागपुर-16 से मुद्रित कर 532, हनुमान नगर नागपुर.440009 से प्रकाशित किया.
संपादकः इमरान मुमताज शेख, मो. 9730005662 (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) ngpms2019@gmail.com RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 (सभी न्यायालयीन प्रक्रिया नागपुर न्यायालय में होगी.)

# जिला चंद्रपुर-गढ़चिरोली

# प्रधानमंत्री धनधान्य कृषि योजना का शुभारंभ

## उत्पादकता बढ़ाने के प्रयास करें- ज़िला कलेक्टर अभिश्यंत पंडा

गढ़चिरोली.



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज राष्ट्रीय स्तर पर महत्वाकांक्षी योजनाओं प्रधानमंत्री धनधान्य कृषि योजना, राष्ट्रीय प्राकृतिक कृषि मिशन और उत्पादकता मिशन का शुभारंभ किया। इस संबंध में गढ़चिरौली ज़िला कलेक्टर कार्यालय स्थित नियाज़ भवन में ज़िला स्तरीय कार्यक्रम ज़िला कलेक्टर अभिश्यंत पांडा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस अवसर पर, कृषि राज्य मंत्री और ज़िले के पालक मंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित किसानों को इस योजना के बारे में मार्गदर्शन दिया।

अपने अध्यक्षीय भाषण में ज़िला कलेक्टर पंडा ने ज़िले में कृषि क्षेत्र की उत्पादकता बढ़ाने के लिए सभी से मिलकर काम करने और प्रयास करने की अपील की। उन्होंने किसानों को सीधे वित्तीय लाभ प्रदान करने के लिए कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन विभाग के साथ-साथ केंद्र और राज्य के विभिन्न विभागों की योजनाओं को एकीकृत करने पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता जताई।

**योजनाओं का समेकन और पाँच प्रमुख उद्देश्य :** गढ़चिरोली ज़िले सहित महाराष्ट्र के 9 ज़िलों (पालघर, रायगढ़, धुले, छत्रपति संभाजीनगर, बीड, नांदेड़, यवतमाल, चंद्रपुर) को 'प्रधानमंत्री धनधान्य कृषि' योजना के लिए चुना गया है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य कम उत्पादकता और अपर्याप्त सिंचाई क्षमता पर काबू पाकर टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देना है।

**ज़िला कलेक्टर पंडा ने योजना के पाँच प्रमुख उद्देश्यों पर ज़ोर दिया:**

**1. कृषि उत्पादकता बढ़ाना:** महाराष्ट्र में, विशेष रूप से गढ़चिरोली ज़िले में, फ़सल उत्पादकता बढ़ाने की अपार संभावनाएँ हैं।

**2. फ़सल विविधीकरण:** केवल एक फ़सल पर निर्भर रहने के बजाय, किसानों को कौन सी फ़सलें उगानी चाहिए, इस पर ध्यान देना ज़रूरी है। उन्होंने मुलचेरा के किसानों का उदाहरण दिया जो जल्दी कटाई करके रबी के लिए सब्ज़ियों का प्रसंस्करण कर सकते हैं।

**3. भंडारण क्षमता बढ़ाना:** ज़िले की भंडारण क्षमता और बुनियादी ढाँचे में वृद्धि करना।

**4. सिंचाई व्यवस्था में सुधार:** सिंचाई, लघु सिंचाई, मृदा एवं जल संरक्षण तथा मामा झील जैसे विभिन्न स्रोतों के माध्यम से सिंचाई सुविधाओं को बढ़ाने के लिए उचित उपाय करना।

**5. वित्तीय लाभ एवं सब्सिडी:** उन्होंने निर्देश दिए कि क्षेत्रीय स्तर के कर्मचारी केंद्र एवं राज्य सरकार के 11 विभागों की 36 से अधिक योजनाओं के एकीकरण से मिलने वाले वित्तीय लाभ एवं सब्सिडी (अनुदान) के बारे में किसानों को जानकारी दें।

**प्राकृतिक खेती और दालों पर ध्यान :** इसके साथ ही, दालों में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने का लक्ष्य है, ताकि आयात पर निर्भरता कम हो। राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करके पर्यावरण संतुलन बनाए रखने और कृषि उत्पादन की लागत कम करने पर भी जोर दिया जाएगा।

जिला कलेक्टर पंडा ने समापन करते हुए कहा कि हम ट्रैक्टर और मशीनीकरण के माध्यम से किसानों को अधिकतम लाभ पहुँचाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने सभी से अपील की कि वे क्लस्टर तरीके से काम करके कृषि क्षेत्र की उत्पादकता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करें और हमें निश्चित रूप से सफलता मिलेगी।

इस कार्यक्रम में जिला कृषि अधीक्षक अधिकारी प्रीति हिरलकर, मत्स्य विभाग के सहायक आयुक्त समीर डोंगरे, सिंचाई विभाग के अधीक्षक अभियंता राहुल मोरघड़े, कृषि एवं संबद्ध विभागों के अधिकारी/कर्मचारी, कृषि विश्वविद्यालयों के वैज्ञानिक, पुरस्कार प्राप्त किसान और किसान उत्पादक कंपनियों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# थ्री फेज बिजली, पक्के रोड और नालों की मांग लेकर विधायक भांगडिया से मिले चिमूर के नागरिक

चिमूर.



चिमूर नगर परिषद क्षेत्र के मानिक नगर और श्रीहरी बालाजी नगरी (वडाला पैकु-पावशी आंबा के पास) के निवासियों ने लंबे समय से लंबित मूलभूत सुविधाओं की समस्याओं को लेकर चिमूर विधानसभा क्षेत्र के विधायक कीर्तीकुमार उर्फ बंटी भांगडिया को एक ज्ञापन सौंपा है। नागरिकों ने तुरंत थ्री फेज विद्युत आपूर्ति और क्षेत्र में पक्के सड़क-नालियों के निर्माण की मांग की है।

**कम वोल्टेज से परेशान हैं नागरिक :** ज्ञापन में बताया गया है कि मानिक नगर और श्रीहरी बालाजी नगरी में अब तक थ्री फेज विद्युत आपूर्ति शुरू नहीं की गई है, जिसके कारण नागरिकों को केवल सिंगल फेज बिजली मिल रही है। इस वजह से क्षेत्र में लगातार वोल्टेज कम-ज्यादा होने की गंभीर समस्या बनी हुई है।

नागरिकों का कहना है कि अस्थिर वोल्टेज के कारण उनके घरों में लगे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बार-बार खराब हो रहे हैं, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। इस संबंध में चिमूर विद्युत कार्यालय में कई शिकायतें दर्ज कराई गईं, लेकिन अधिकारियों ने शिकायतों पर कोई ध्यान नहीं दिया।

**पक्की सड़क और नालों की भी है जरूरत :** बिजली की समस्या के साथ ही नागरिकों ने पक्के रास्तों और पक्की नालियों के निर्माण की मांग भी प्रमुखता से रखी। उन्होंने विधायक भांगडिया से आग्रह किया है कि वे स्वयं इस मामले की जांच करें और इन महत्वपूर्ण समस्याओं का समाधान कराएं, ताकि निवासियों को रोजमर्रा की दिक्कतों से निजात मिल सके। इस मौके पर ज्ञापन सौंपने वालों में वॉर्ड के जगदीश बोरकर, सतीश ढाकुणकर, पवन मुळे, जावेद पठान और अन्य स्थानीय नागरिक शामिल थे। उन्होंने उम्मीद जताई है कि विधायक उनकी समस्याओं को गंभीरता से लेंगे और जल्द से जल्द आवश्यक कार्य शुरू करवाएंगे।

# 'आधुनिक' आंगनवाड़ी के निर्माण में घटिया सामग्री!

## > ग्रामीणों ने रुकवाया स्लैब का काम, ठेकेदार की मनमानी को दिखाया ठेंगा

भिसी। पंकज मिश्रा



पुयारदंड में बन रहे आधुनिक आंगनवाड़ी केंद्र के स्लैब का काम ठेकेदार द्वारा कथित रूप से घटिया क्वालिटी की रेत इस्तेमाल किए जाने के कारण रोक दिया गया। यह घटना 09/10/2025 को घटी, जब गाँव के जागरूक युवाओं ने निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए चल रहे काम को तुरंत बंद करवा दिया।

यह आधुनिक आंगनवाड़ी का निर्माण कार्य पिछले 6 महीनों से ठेकेदार दिनेश डुकरे द्वारा किया जा रहा है। 9 अक्टुबर को, जब आंगनवाड़ी के स्लैब के लिए लाई गई रेत के 'भिस' (सिल्ट/मिट्टी) मिश्रित होने की खबर गाँव में फैली, तो ग्राम पंचायत के सरपंच, उपसरपंच और सदस्यों ने तत्काल निर्माण स्थल का दौरा किया। रेत को निकृष्ट दर्जा का पाया गया, जिसके बाद ठेकेदार को स्पष्ट रूप से निर्देश दिया गया कि वह इस रेत का इस्तेमाल न करे और अच्छी रेत का उपयोग करे।

**ग्राम पंचायत का निर्देश निरस्त, ठेकेदार ने की मनमानी :** मगर, ठेकेदार ने ग्राम पंचायत के निर्देशों को केरा की टोकरी दिखाते हुए अपनी मनमानी की और दोपहर 2 से 3 बजे के बीच स्लैब डालने का काम शुरू कर दिया। जैसे ही यह खबर गाँव के कुछ युवाओं को मिली, उन्होंने एकजुट होकर तुरंत मौके पर पहुंचकर चल रहे स्लैब के काम को रुकवा दिया।

विरोध के बाद, ठेकेदार ने दूसरी रेत की व्यवस्था करने और फिर काम शुरू करने का आश्वासन दिया। लेकिन, ठेकेदार की नीयत पर शक होने पर गाँव वाले रात भर सतर्क रहे। नागरिकों की यह सतर्कता काम आई!

देर रात ग्रामीणों ने देखा कि ठेकेदार अंधेरे का फायदा उठाकर दूसरी एक ट्रैक्टर रेत लाया और उसे पहले से ही अस्वीकृत की गई घटिया रेत में मिलाना शुरू कर दिया। ठेकेदार की रातों-रात स्लैब डालकर जल्दबाजी में निर्माण खत्म करने और भागने की चाल को गाँव के नागरिकों ने विफल कर दिया। ग्रामीणों के सामने झुककर, ठेकेदार ने अब उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री से काम करने का वादा किया है।

> कई गांवों में विभिन्न प्रकार के सरकारी निर्माण कार्य चल रहे हैं, और लगभग हर जगह बड़े पैमाने पर मिट्टी मिश्रित रेत का उपयोग किया जाता है। अक्सर देखा गया है कि निर्माण ठेकेदारों के राजनीतिक नेताओं के साथ मधुर संबंध होते हैं, और वरिष्ठ अधिकारी भी निर्माण की गुणवत्ता पर ध्यान नहीं देते। यही कारण है कि इंजीनियर और ठेकेदार मिलकर अपनी मनमानी करते हैं। लेकिन, यदि पुयारदंड जैसा विरोध और जागरूकता हर गांव में दिखाई जाए, तो सरकारी निर्माण कार्यों में निश्चित रूप से बदलाव आएगा और सार्वजनिक धन की बर्बादी रुकेगी।

# रामपुर बाघ हमला: वन विभाग 'एक्शन मोड' में, मगर 'बेहुदा' अफसर पर कार्रवाई की मांग बरकरार

चिमूर। शुभम बारसागडे



तळोधी बाळापूर वनपरिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले रामपुर गांव में पिछले दो महीनों में बाघ के हमलों से चार नागरिकों के गंभीर रूप से घायल होने की घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। इस गंभीर स्थिति के मद्देनज़र, वन विभाग बाघ की तलाश और उसके बंदोबस्त के लिए 'एक्शन मोड' में आ गया है और गश्ती दल ने अपनी गति तेज़ कर दी है।

**बेतुके बयान से भड़का आक्रोश**

वन विभाग की सक्रियता के बावजूद, स्थानीय वन परिक्षेत्र अधिकारी के 'बेतुके' (गैर-जिम्मेदाराना) बयान से ग्रामीणों में गहरा आक्रोश है। गुस्साए नागरिकों ने संबंधित अधिकारी पर तत्काल कार्रवाई की मांग को लेकर दिनांक 10 अक्टूबर को क्षेत्र सहायक (नेरी) के कार्यालय पर एक बड़ा मोर्चा निकाला। नागरिकों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि अधिकारी पर कार्रवाई नहीं हुई तो वे और भी उग्र आंदोलन छेड़ेंगे।

### नागरिकों का मत

"सत्य घटना पर नागरिकों का आवाज़ उठाना गलत नहीं है। लेकिन, ग्रामीण नागरिकों से अभद्रता से बात कर अधिकारी होने का रौब झाड़ने वाले उस वन परिक्षेत्र अधिकारी पर कार्रवाई ज़रूर होनी चाहिए।"

**-पिंटू खाटीक, अध्यक्ष, तंटा मुक्ती समिती तथा ग्रा.पं. सदस्य, नेरी**

**वरिष्ठ अधिकारी ने की शांति सभा :** घटना की गंभीरता को देखते हुए, सहायक वन संरक्षक महेश गायकवाड़ ने नेरी में आक्रोशित नागरिकों के साथ एक शांति सभा की। उन्होंने नागरिकों को सावधानी बरतने और सतर्कता के साथ ही खेतों पर जाने की अपील की। वरिष्ठ वन अधिकारी द्वारा रामपुर और आसपास के गांवों में गहन खोज अभियान शुरू कर दिया गया है, जिसमें ट्रैप कैमरे लगाना और बाघ की हरकतों पर लगातार नज़र रखना शामिल है। नागरिकों का कहना है कि वन विभाग पर विश्वास बनाए रखने के लिए बेतुका बयान देने वाले अधिकारी पर तुरंत कार्रवाई करना अपरिहार्य है।

# जि.प. के विद्यार्थियों को शून्य-शेष खाते पुस्तिका का निःशुल्क वितरण

## > स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की सराहनीय पहल

भिसी। पंकज मिश्रा



स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआइ) शाखा चिमूर के ग्राहक सेवा केंद्र द्वारा चिमूर तहसील के पिंपळनेरी स्थित जिला परिषद (जि.प.) स्कूल के विद्यार्थियों को बैंकिंग लेनदेन और बैंक की कार्यप्रणाली समझाई गई, जिसके साथ ही उन्हें जीरो बैलेंस पासबुक और स्कूल बैग्स का वितरण किया गया। एसबीआई शाखा चिमूर के ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक मंगेश मुन की पहल पर यह शून्य बैंक बैलेंस खाता आधारित शिविर आयोजित किया गया था।

इस शिविर के माध्यम से, विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति और अन्य सरकारी योजनाओं हेतु जीरो बैलेंस बैंक खाते खोले गए। इससे बैंकिंग क्षेत्र से संबंधित उनकी समस्याएं दूर हुईं और विद्यार्थियों को बैंकिंग सेवाओं का अनुभव मिला। साथ ही, इस पहल में विद्यार्थियों को स्वयं बैंकिंग लेनदेन करने के तरीके भी सिखाए गए। जिला परिषद स्कूल पिंपळनेरी में पत्रकार पंकज मिश्रा के हाथों विद्यार्थियों को स्कूल बैग और पासबुक वितरित किए गए। इस अवसर पर ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक मंगेश मुन, प्रणिता नेवलकर, प्रधानाध्यापिका वंदना हरिभाऊ बालपांडे, अमर ठवरे, महादेव शेडामे, संध्या बोकारे, चेतना मदनकर, स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष प्रवीण ननावरे, सदस्य सत्यपाल, विद्यार्थी और शिक्षकगण उपस्थित थे।

# गोंडवाना विश्वविद्यालय में क्रांतिवीर बिरसा मुंडा अध्ययन केंद्र का उद्घाटन

## बिरसा मुंडा की विरासत को और मज़बूत करने की ज़रूरत: डॉ. संदीप टुंडुरवार

गढ़चिरोली.



बिरसा मुंडा एक ऐसे व्यक्तित्व हैं जिन्हें पूरी दुनिया भगवान, जननायक और क्रांतिकारी के रूप में जानती है। अपने मात्र 25 वर्ष के जीवनकाल में बिरसा मुंडा द्वारा राजनीतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और प्रबंधन के क्षेत्रों में किए गए कार्य गौरवशाली हैं।

बिरसा का कार्य जल, जंगल, ज़मीन की लड़ाई तक सीमित नहीं था, बल्कि शोषण, धर्मांतरण, विस्थापन के विरुद्ध उनके संघर्ष ने भारतीय स्वतंत्रता की ज्वाला को और प्रज्वलित किया और भारत की स्वतंत्रता दृष्टिगोचर हुई। उनकी लड़ाई केवल आदिवासी समुदाय तक सीमित नहीं रही, बल्कि समस्त भारतीयों की लड़ाई बन गई। उनका विद्रोह महान क्रांति का प्रतीक है। बिरसा मुंडा ने भारतीय स्वतंत्रता को दिशा देने का महत्वपूर्ण कार्य किया।

बिरसा मुंडा की विरासत आज के समय में और भी प्रासंगिक हो गई है। औपनिवेशिक मुक्ति के उनके संघर्ष ने शोषण के विरुद्ध आवाज़ को बल दिया। आज भले ही औपनिवेशिक व्यवस्था नहीं है, फिर भी शोषण समाप्त नहीं हुआ है। धर्मांतरण का मुद्दा आज भी खत्म नहीं हुआ है। पर्यावरण का मुद्दा गंभीर होता जा रहा है, इस पृष्ठभूमि में बिरसा के कार्यों का महत्व अधिक से अधिक महसूस किया जा रहा है और नई पीढ़ी को बिरसा मुंडा की विरासत को मजबूत और संरक्षित करना चाहिए, ऐसा उद्घोषक और मार्गदर्शक डॉ. संदीप टुंडुरवार, प्रोफेसर और राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष, श्री बिंझानी सिटी (स्वायत्त) महाविद्यालय, नागपुर ने बिरसा मुंडा अध्ययन केंद्र के उद्घाटन के अवसर पर कहा।

क्रांतिवीर बिरसा मुंडा अध्ययन केंद्र का उद्घाटन हाल ही में गोंडवाना विश्वविद्यालय, गढ़चिरौली में हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रबंध परिषद के सदस्य गुरुदासजी कामडी थे। मुख्य अतिथि अध्ययन केंद्र के प्रस्तावक और प्रबंध परिषद के सदस्य डॉ. संजय गोरे, प्रबंध परिषद के सदस्य डॉ. नंदाजी सातपुते, डॉ. विवेक गोरलावार, केंद्र के समन्वयक डॉ. सत्यनारायण सुदेवद प्रभुति उपस्थित थे। इस अवसर पर अध्यासन केंद्र के प्रस्तावक डॉ. संजय गोरे ने अपने परिचय में बिरसा मुंडा के कार्यों पर प्रकाश डाला और अध्यासन केंद्र की विभिन्न कार्य पद्धतियों और उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी। अपने अध्यक्षीय भाषण में गुरुदासजी कामड़ी ने बिरसा मुंडा के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला और छात्रों से इससे सीख लेकर जीवन मूल्य को संरक्षित करने की अपील की. कार्यक्रम का संचालन केंद्र के सदस्य डॉ. हेमराज निखाड़े एवं केंद्र के समन्वयक डॉ. सत्यनारायण सुदेवाद ने किया. इस अवसर पर बिरसा मुंडा अध्यासन केंद्र के सदस्य डॉ. राजेंद्र मुद्दमवार, डॉ. प्रिया गेदाम, शक्ति केराम, डॉ. वैभव मसराम, डॉ. नरेश मडावी, प्रो. धनंजय पोशट्टीवार, प्रो. विजय पंधारे आदि उपस्थित थे। इस बार हॉल में छात्रों की भारी मौजूदगी थी.

**क्रांतिवीर बिरसा मुंडा अध्ययन केंद्र का उद्देश्य**

क्रांतिवीर बिरसा मुंडा अध्ययन केंद्र के माध्यम से क्रांतिवीर बिरसा मुंडा के जीवन, संस्कृति, भाषा और समस्याओं पर शोध की अपार संभावनाएँ हैं। इस दृष्टि से गोंडवाना विश्वविद्यालय में क्रांतिवीर बिरसा मुंडा केंद्र की स्थापना महत्वपूर्ण है।

केंद्र का मुख्य उद्देश्य गोंडवाना विश्वविद्यालय के कार्यक्षेत्र में क्रांतिवीर बिरसा मुंडा के जीवन और समस्याओं पर शोध, विकास और विस्तार कार्य करना है। इसके अलावा, यह केंद्र भारत के अन्य जनजातीय लोगों के जीवन और समस्याओं पर भी शोध कर सकता है। बिरसा मुंडा के जीवन, संस्कृति का अध्ययन, उनकी जानकारी का संरक्षण आवश्यक है। इससे उत्पन्न होने वाली नई चुनौतियों आदि का अध्ययन इस केंद्र के माध्यम से किया जाएगा। शोध के साथ-साथ, इस केंद्र के माध्यम से जागरूकता कार्य भी किया जाएगा। यही इस अध्ययन केंद्र का उद्देश्य है।




# कोटक का नया फंड: गोल्ड-सिल्वर में साथ निवेश



**नई दिल्ली.**

कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड (केएमएएमसी) ने कोटक गोल्ड सिल्वर पैसिव एफओएफ (फंड ऑफ फंड) लॉन्च करने की घोषणा की है। यह एक ओपन-एंडेड फंड ऑफ फंड स्कीम है जो कोटक गोल्ड ईटीएफ और कोटक सिल्वर ईटीएफ में निवेश करेगी। इस इनोवेटिव फंड का उद्देश्य निवेशकों को सोना और चांदी दोनों में एक्सपोज़र प्रदान कर लंबी अवधि में पूंजी में वृद्धि का अवसर देता है। यह स्कीम आम लोगों के निवेश के लिए 6 अक्टूबर को खुलेगी और 20 अक्टूबर 2025 को बंद होगी। सोना और चांदी जैसे कीमती धातु ऐतिहासिक रूप से मूल्य सुरक्षित रखने का साधन रहे हैं और महंगाई तथा मुद्रा अवमूल्यन के खिलाफ बचाव का कार्य करते आए हैं। विश्व भर के केंद्रीय बैंक जहाँ अपने स्वर्ण भंडार बढ़ा रहे हैं और औद्योगिक तथा निवेश क्षेत्रों में चांदी की माँग बढ़ रही है।

वहीं, कोटक गोल्ड सिल्वर पैसिव एफओएफ इस एसेट क्लास में एक उपयुक्त और विविधीकृत प्रवेश का अवसर देता है। कोटक गोल्ड सिल्वर पैसिव एफओएफ कोटक गोल्ड ईटीएफ और कोटक सिल्वर ईटीएफ में निवेश करेगा, जिससे दोनों धातुओं में कॉस्ट-एफिशियंट तरीके से निवेश का अवसर मिलेगा।

इसमें आवंटन एक इन-हाउस क्वांटिटेटिव मॉडल के आधार पर होता है, जो सोना और चांदी की कीमतों की चाल को देखते हुए संतुलन बिठाता है। इससे मानवीय पक्षपात की संभावना समाप्त हो जाती है। यह मॉडल समय-समय पर डायनामिक री-बैलेंसिंग करता है, जिससे निवेश अनुशासित और डेटा-आधारित तरीके से किया जाता है। कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक निलेश शाह ने कहा, "एसेट अलोकेशन वैसा ही है जैसे हर पिच के लिए सही खिलाड़ियों का का चुनाव चुनाव करना।

सोना सोना और चांदी हमेशा से पोर्टफोलियो के ऑलराउंडर रहे हैं, खासकर जब बाज़ार अस्थिर हो। जब जब केंद्रीय बैंक सोना जमा कर रहे है. चांदी की औद्योगिक अहमियत बढ़ रही है और इक्विटी मार्केट्स में उतार-चढ़ाव है, तो निवेशकों को इन धातुओं का अधिकतम लाभ उठाना चाहिए। निवेशकों को सलाह दी जाती है कि यह उत्पाद उनके लिए उपयुक्त है या नहीं, इसके बारे में वे अपने वित्तीय और टैक्स विशेषज्ञ से परामर्श लें। कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड (केएमएएमसी) किसी भी रिटर्न/भविष्य के रिटर्न की गारंटी या वादा नहीं करती है।

# डीमार्ट की कंपनी ने कमाया 685 करोड़ का मुनाफा



**नई दिल्ली.**

रिटेल चेन डीमार्ट की ऑपरेटर कंपनी एवेन्यू सुपरमार्ट्स लिमिटेड के शेयर सोमवार को फोकस में रहेंगे. कंपनी ने शनिवार को तिमाही के नतीजे का ऐलान किया. इस दौरान कंपनी का नेट प्रॉफिट 3.85 परसेंट उछलकर 684.85 करोड़ रुपये तक पहुंच गया. जबकि पिछले साल की इसी तिमाही में कंपनी ने 659.44 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया था. कंपनी का ऑपरेश्नल रेवेन्यू पिछले साल की जुलाई-सितंबर तिमाही के 14,444.50 करोड़ रुपये के मुकाबले इस साल 15.45 परसेंट बढ़कर 16,676.30 करोड़ रुपये हो गया. कारोबारी साल 2026 की दूसरी तिमाही में पैट (प्रॉफिट आफ्टर टैक्स) मार्जिन 4.1 परसेंट रहा, जबकि वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में यह 4.6 परसेंट था. सितंबर तिमाही के दौरान कंपनी का टोटल एक्सपेंस या कुल व्यय 16 परसेंट बढ़कर 15,751.08 करोड़ रुपये हो गया, जबकि टोटल इनकम 16,695.87 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल के मुकाबले 15.3 परसेंट ज्यादा है. कंपनी के परफॉर्मेंस पर कमेंट करते हुए एवेन्यू सुपरमार्ट्स लिमिटेड के सीईओ अंशुल असावा ने कहा, कारोबारी साल 2026 की दूसरी तिमाही में हमारा रेवेन्यू पिछले साल के मुकाबले 15.4 परसेंट बढ़ा. कर-पश्चात लाभ (पैट ) पिछले साल के मुकाबले 5.1 परसेंट बढ़ा. दो साल और उससे पुराने डी मार्ट कारोबारी साल 2025 की दूसरी तिमाही के मुकाबले 2026 की दूसरी तिमाही में 6.8 परसेंट बढ़ा. जीएसटी रिफॉर्म्स पर सरकार की हालिया घोषणा के बाद हमने अपने सभी ग्राहकों को कम जीएसटी दरों का लाभ दिया. हमने इस तिमाही के दौरान 8 नए स्टोर खोले. 30 सितंबर, 2025 तक हमारे कुल स्टोर 432 हो गए हैं. एवेन्यू सुपरमार्केट्स के शेयर सोमवार को फोकस में रहेंगे. शुक्रवार को शेयर मामूली बढ़त के साथ 4319.70 पर बंद हुए. एक बार तो कारोबार के दौरान शेयर 4,365 रुपये तक जा पहुंचा था.शेयर के 52-हफ्तों का हाई लेवल 4916.30 रुपये है और 52-हफ्तों का लो लेवल 3,337.10 रुपये है.

# सोने में निवेश के स्मार्ट और सुरक्षित ऑप्शन

**नई दिल्ली.** आप सोने के सिक्के और गहने खरीद सकते हैं. इसे खरीदते समय बीआईएस हॉलमार्क वाले गहने या सिक्के चुनना बहुत जरूरी है. यह सोने की शुद्धता सुनिश्चित करता है. मेकिंग चार्ज आमतौर पर 5% से 20% तक होता है. सरल डिजाइन चुनकर या सिक्के खरीदकर आप इसे काफी कम कर सकते हैं. डिजिटल गोल्ड छोटी रकम में सोने में निवेश करने का एक आसान और सुविधाजनक तरीका है. जब तक आप इसे फिजिकल रूप में बदलना या बेचना नहीं चाहते, गोल्ड प्लेटफॉर्म की ओर से सुरक्षित रूप से रखा जाता है. यह तरीका निवेशकों को फिजिकल स्टोरेज की परेशानी के बिना एक विकल्प देता है. गोल्ड एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड्स (इटीएफ) सीधे भौतिक सोने में निवेश करते हैं, जिससे निवेशक धातु को अपने पास रखे बिना सोने की कीमतों में होने वाले बदलावों से लाभ उठा सकते हैं. ये फंड्स शेयरों की तरह ही स्टॉक एक्सचेंजों पर खरीदे और बेचे जा सकते हैं, बशर्ते निवेशक के पास डीमैट खाता हो. वे बेहतरीन लिक्विडिटी प्रदान करते हैं. गोल्ड ईटीएफ को केवल बाज़ार के घंटों के दौरान ही खरीदा या बेचा जा सकता है. गोल्ड म्यूचुअल फंड्स गोल्ड ईटीएफ़ की यूनिट में निवेश करते हैं. वे 'फंड-ऑफ-फंड्स' नजरिए के माध्यम से शुद्ध सोने से जुड़ाव प्रदान करते हैं. निवेशक या तो एकमुश्त राशि का योगदान कर सकते हैं या धीरे-धीरे अपनी होल्डिंग बनाने के लिए सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (सिप) का विकल्प चुन सकते हैं. ये फंड उन नए निवेशकों के लिए सही है जो सीधे फिजिकल गोल्ड खरीदे बिना सोने से जुड़ाव चाहते हैं. सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड्स भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के माध्यम से जारी की जाने वाली सरकारी प्रतिभूतियां हैं. इन्हें 999 शुद्धता वाले सोने का समर्थन प्राप्त है. इनकी आठ साल की मैच्योरिटी अवधि होती है, जिसमें जारी होने की तारीख से पांच साल बाद रिडीम करने का विकल्प होता है.



## आज का राशिफल

**मेष** - आज का दिन आत्मविश्वास और जोश से भरपूर रहेगा। आप जिस काम को सोचेंगे, उसमें पूरी लगन से जुटेंगे और अच्छे परिणाम भी मिलेंगे। कार्यस्थल पर किसी नई जिम्मेदारी की संभावना है, **वृषभ** - आज दिन थोड़ा संतुलन मांगता है। कई काम एक साथ आएंगे, जिससे थोड़ी भागदौड़ रहेगी, लेकिन आप अपनी सूझ-बूझ से सब संभाल लेंगे। **मिथुन** - आज का दिन आपके लिए मौके लेकर आएगा। आपकी वाणी और सोच दोनों असरदार रहेंगी। जो बोलेंगे, उसका प्रभाव सीधा लोगों के दिल तक जाएगा।

**कर्क** - आज भावनाएं गहरी होंगी और दिल की बात कहने का मन करेगा।आप जिन लोगों से जुड़ते हैं, वहा अपनापन और संवेदनशीलता बढ़ेगी। करियर में कोई नया अवसर सामने आएगा.

**सिंह** - दिन आपके लिए सफलता और आत्मविश्वास से भरा रहेगा। कामकाज में आपकी पकड़ मजबूत होगी और आपके नेतृत्व की सराहना की जाएगी। धन की स्थिति सुधर सकती है.

**कन्या** - आज का दिन थोड़ा व्यस्त रहेगा, लेकिन आपकी मेहनत बेकार नहीं जाएगी। काम के बोझ के बावजूद आप सब कुछ व्यवस्थित रख पाएंगे। आर्थिक मामलों में सावधानी बरतना जरूरी है.

**तुला** - आपका व्यक्तित्व आज आकर्षक रहेगा, और लोग आपकी बातों पर भरोसा करेंगे। कोई पुराना कार्य पूरा हो सकता है या रुका पैसा वापस मिलेगा। कार्यस्थल पर आपकी कार्यशैली सराही जाएगी। **वृश्चिक** - आज का दिन रहस्यमय लेकिन फलदायी रहेगा। आप किसी महत्वपूर्ण निर्णय की ओर बढ़ सकते हैं, और आपकी अंतर्ज्ञान शक्ति बहुत तेज रहेगी। आर्थिक रूप से लाभ संभव है।

**धनु** - आज का दिन जोश, योजनाओं और उत्साह से भरा रहेगा। आप अपने विचारों से दूसरों को प्रेरित करेंगे। किसी यात्रा या प्रोजेक्ट की शुरुआत के लिए अच्छा समय है। आर्थिक रूप से सुधार के संकेत हैं।

मकर - दिन मेहनत और परिणामों से जुड़ा रहेगा। काम के क्षेत्र में स्थिरता बनी रहेगी, और लंबे समय से चल रही समस्या सुलझ सकती है।

**कुंभ** - आज नए विचारों का दिन है। आपका रचनात्मक दिमाग बेहतरीन काम करेगा। किसी पुराने दोस्त से मुलाकात या बात होने की संभावना है। कामकाज में आपको सम्मान और सहयोग दोनों मिलेंगे।


**मीन** - आज आपकी कल्पना शक्ति और भावनात्मक गहराई शिखर पर रहेगी। किसी कलात्मक या रचनात्मक कार्य में मन लगेगा। धन की स्थिति संतुलित है, पर बचत पर ध्यान दें।

# इंडिया-इटीएफए डील से बढ़ेगा निवेश और रोजगार




**नई दिल्ली.** भारत के बिजनेस हिस्ट्री में एक बड़ी अचीवमेंट मिली है. भारत-यूरोपीय फ्री ट्रेड एसोसिएशन (इटीएफए) के साथ हुआ ट्रेड एंड इकोनॉमिक पार्टनरशिप एग्रीमेंट (टीईपीए) जो 10 मार्च 2024 को साइन किया गया था, अब आधिकारिक रूप से 1 अक्टूबर 2025 से लागू हो गया है. ये समझौता भारत का चार विकसित यूरोपीय देशों- स्विट्जरलैंड, नॉर्वे, आइसलैंड और लिकटेंस्टीन के साथ पहला फ्री ट्रेड एग्रीमेंट है. सरकार के मुताबिक, इस समझौते से भारत में अगले 15 साल में 100 अरब डॉलर (करीब 8.3 लाख करोड़ रुपए) का निवेश आने की उम्मीद है. इससे 10 लाख से ज्यादा नई नौकरियां बनने की संभावना है. पहले दस साल में 50 अरब डॉलर और अगले पांच साल में 50 अरब डॉलर का निवेश देशों द्वारा लाने का वादा किया गया है. ये निवेश खासकर रिन्यूएबल एनर्जी, डिजिटल टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और लाइफ साइंसेज जैसे सेक्टर में होगा. वहीं निवेशकों की सुविधा के लिए सरकार ने एक खास इंडिया-एटीएफए डेस्क बनाई है, जो सभी प्रोसेस के लिए सिंगल विंडो प्लेटफॉर्म के रूप में काम करेगी. भारत की मजबूत स्थिति वाले सर्विस सेक्टर को भी इस समझौते से फायदा मिलेगा. भारत को 105 उप-क्षेत्रों में मार्केट की बेहतर पहुंच मिलेगी. साथ ही, नर्सिंग, अकाउंटेंसी और आर्किटेक्चर जैसे काम में दोनों प्रोफेशनल्स के बीच म्यूचुअल रिकग्निशन एग्रीमेंट (एमआरए) लागू होगा, जिसमें भारतीय प्रोफेशनल्स को यूरोप में काम करने के और अवसर मिलेंगे. कृषि,मरीन प्रोडक्ट्स, मशीनरी, कॉफी, चाय और प्रोसेस्ड फूड जैसे भारतीय प्रोडक्ट की मांग एएफटीए देशों में बढ़ने की उम्मीद है, क्योंकि इन पर चार्ज घटा दिया गया है. इसके अलावा टेक्सटाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, केमिकल और इंजीनियरिंग इंडस्ट्रीज को भी बड़ा फायदा होगा.

# अनिल अंबानी की मुश्किलें फिर बढ़ीं



**नई दिल्ली.** दिग्गज उद्योगपति अनिल अंबानी की मुश्किलें कम होने का नाम ही नहीं ले रही हैं. अब सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इंवेस्टिगेशन ने उनके बारे में एक और चौंकानेवाला खुलासा किया है. अनिल अंबानी के रिलायंस एडीए ग्रुप और यस बैंक के को-फाउंडर राणा कपूर के खिलाफ सीबीआई की चार्जशीट में दोनों परिवारों की कंपनियों के बीच लेनदेन का आरोप लगाया गया है. इकोनॉमिक टाइम्स (ईटी) की रिपोर्ट के मुताबिक, चार्जशीट में यह भी कहा गया है कि अंबानी के बेटे जय अनमोल अंबानी इन लेनदेन से जुड़े कुछ फैसलों में शामिल थे. 2022 में दायर यह चार्जशीट दो आपराधिक मामलों पर आधारित है, जिसे यस बैंक के चीफ विजिलेंस ऑफिसर ने यस बैंक के पूर्व एमडी और सीईओ राणा कपूर और रिलायंस ग्रुप की रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड, रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड और अन्य के खिलाफ दर्ज कराया था. जांच में पाया गया कि यस बैंक ने 2017 में आरसीएफ़एल के डिबेंचर और कमर्शियल पेपर्स में 2,045 करोड़ रुपये और आरएचएफएल में 2,965 करोड़ का निवेश किया, जिसकी मंजूरी राणा कपूर ने दी थी, जबकि केयर रेटिंग्स ने एडीए ग्रुप को कमजोर वित्तीय स्थिति के कारण निगरानी में रखा था. बाद में इस रकम को कई लेवल पर डायवर्ट किया गया, जिससे जनता के पैसे का दुरुपयोग हुआ. सीबीआई का कहना है कि उस दौरान एडीए ग्रुप की कंपनियों, यस बैंक और रिलायंस निप्पॉन एसेट मैनेजमेंट के बीच कई दफा पैसों का लेनदेन हुआ.

# 15 अक्टूबर से खुल रहा ये आईपीओ

**नई दिल्ली.** अगर आप आईपीओ में पैसे लगाने की सोच रहे हैं तो आपके लिए एक और खास मौका आ रहा है। अगले सप्ताह से क्वाट्र्ज प्रोसेसर मिडवेस्ट लिमिटेड का आईपीओ निवेश के लिए ओपन होगा। कंपनी ने बयान के मुताबिक, यह आईपीओ 15 अक्टूबर को खुलेगा और 17 अक्टूबर को बंद होगा। कंपनी की ओर से शनिवार को जारी बयान में कहा इसने अपने आने वाले आईपीओ के लिए प्राइस बैंड 1,014 से 1,065 रुपये प्रति शेयर फिक्स कर दिया है। इससे 451 करोड़ रुपये जुटाने का प्लान है। एंकर बुक 14 अक्टूबर को खुलेगी और शेयर 24 अक्टूबर को लिस्ट करने का प्रपोजल हैं।




## निकाल — महाराष्ट्र राज्य लॉटरी — महाराष्ट्र मोहिनी — विकली लॉटरी — सोडत सायं. 4:30 वाजता

सोडत दर रविवार • सोडत क्रमांक 41 • तिकीट किं. रु. 15/- • सोडत दिनांक 12/10/2025

पहिले सामायिक बक्षिस रु. 10000/- : MO-09 : 2013

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी

| बक्षिस | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दुसरे बक्षिस रु. 1000/- | 1084 | 1596 | 1834 | 2159 | 2386 | 2420 | 2608 | 2862 | 3990 | 5495 |
| तिसरे बक्षिस रु. 500/- | 1136 | 2065 | 2294 | 2389 | 2766 | 2905 | 4199 | 4821 | 4999 | 5211 |

चौथे बक्षीस रु. 400/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1075 | 2238 | 3543 | 4447 | 5549 |
| 1077 | 2241 | 3546 | 4694 | 5553 |
| 1110 | 2323 | 3796 | 4696 | 5577 |
| 1154 | 2550 | 3967 | 4845 | 5580 |
| 1211 | 2692 | 4078 | 4924 | 5615 |
| 1323 | 2783 | 4106 | 4986 | 5631 |
| 1399 | 2849 | 4121 | 5132 | 5816 |
| 1608 | 3008 | 4167 | 5230 | 5832 |
| 1699 | 3065 | 4197 | 5310 | 5851 |
| 1991 | 3072 | 4329 | 5375 | 5855 |
| 2093 | 3193 | 4353 | 5408 | 5966 |
| 2206 | 3285 | 4386 | 5516 | 5977 |

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी MAHARASHTRA STATE LOTTERY — महाराष्ट्र तेजस्विनी मासिक सोडत — सोडत दिनांक 21/10/2025
जिंका फक्त 4 अंकावर पहिले सामाईक बक्षिस रु. ₹ 50 लाख (रु. 5 लाखाची 10 बक्षिसे) — दुसरे बक्षिस ₹10 लाख *(रु. 10 हजाराची 100 बक्षिसे)* — तिसरे बक्षिस ₹5 लाख *(रु. 5 हजाराची 100 बक्षिसे)* — तिकीट किंमत ₹200/-
छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जबाबदार नाही. • अचूक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पाहावे.• प्रस्तुतकर्ता : महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
महाराष्ट्र मोहिनी विकली लॉटरी — सोडत दिनांक 12/10/2025
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : f : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah

## निकाल — महाराष्ट्र राज्य लॉटरी — महाराष्ट्र गजलक्ष्मी रवि विकली लॉटरी — सोडत संध्या. 4:45 वाजता

सोडत दर रविवार • सोडत क्रमांक 41 • तिकीट किं. रु. 20/- • सोडत दिनांक 12/10/2025

पहिले बक्षिस रु. 10,000/- : GL-04 : 9704

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES

| बक्षिस | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दुसरे बक्षिस रु. 2000/- | 1806 | 3104 | 4265 | 4587 | 5771 | 6250 | 6581 | 6796 | 7475 | 8114 |
| तिसरे बक्षिस रु. 1000/- | 0420 | 2227 | 4423 | 5473 | 7654 | 8076 | 8088 | 8589 | 8686 | 9557 |
| चौथे बक्षिस रु. 500/- | 0130 | 1166 | 1435 | 1990 | 2692 | 3301 | 3532 | 3946 | 6625 | 9868 |

पाचवे बक्षीस रु. 300/- (सर्व मालिकांसाठी)

| पाचवे बक्षिस रु. 300/- | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 0770 | 1295 | 2042 | 2898 | 3636 | 4587 | 5583 | 7071 | 8088 | 9254 |
| 0066 | 0788 | 1302 | 2052 | 2903 | 3702 | 4640 | 5591 | 7181 | 8156 | 9387 |
| 0073 | 0815 | 1319 | 2105 | 2911 | 3886 | 4654 | 5658 | 7187 | 8364 | 9398 |
| 0081 | 0840 | 1321 | 2133 | 2923 | 3910 | 4843 | 5662 | 7217 | 8367 | 9432 |
| 0084 | 0946 | 1334 | 2156 | 2932 | 3932 | 4877 | 5749 | 7267 | 8378 | 9583 |
| 0089 | 0962 | 1413 | 2203 | 2979 | 3973 | 4903 | 5792 | 7419 | 8398 | 9639 |
| 0183 | 0999 | 1437 | 2249 | 3138 | 4002 | 4974 | 5805 | 7524 | 8438 | 9641 |
| 0209 | 1002 | 1659 | 2256 | 3160 | 4033 | 5053 | 5820 | 7547 | 8448 | 9667 |
| 0213 | 1011 | 1688 | 2289 | 3173 | 4055 | 5159 | 5825 | 7670 | 8568 | 9682 |
| 0284 | 1042 | 1691 | 2299 | 3183 | 4072 | 5166 | 5886 | 7742 | 8603 | 9749 |
| 0344 | 1052 | 1737 | 2594 | 3212 | 4074 | 5192 | 5935 | 7745 | 8642 | 9782 |
| 0366 | 1067 | 1760 | 2620 | 3223 | 4163 | 5225 | 6092 | 7798 | 8712 | 9798 |
| 0380 | 1070 | 1766 | 2621 | 3242 | 4265 | 5325 | 6108 | 7804 | 8845 | 9836 |
| 0443 | 1073 | 1850 | 2622 | 3266 | 4388 | 5403 | 6307 | 7817 | 8866 | 9906 |
| 0502 | 1076 | 1876 | 2629 | 3317 | 4402 | 5408 | 6537 | 7824 | 8872 | 9929 |
| 0649 | 1115 | 1911 | 2644 | 3369 | 4424 | 5445 | 6564 | 7872 | 8938 | 9948 |
| 0658 | 1170 | 1926 | 2672 | 3397 | 4433 | 5455 | 6610 | 7886 | 8958 | 9949 |
| 0668 | 1202 | 1965 | 2692 | 3411 | 4444 | 5457 | 6639 | 7905 | 8999 | 9964 |
| 0673 | 1221 | 2000 | 2737 | 3509 | 4484 | 5516 | 6750 | 7907 | 9009 | 9981 |
| 0703 | 1225 | 2017 | 2740 | 3593 | 4561 | 5546 | 6786 | 8000 | 9099 | 9982 |
| 0761 | 1294 | 2020 | 2817 | 3607 | 4562 | 5549 | 6984 | 8085 | 9113 | 9992 |

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी MAHARASHTRA STATE LOTTERY — महाराष्ट्र दिवाळी भव्यतम सोडत — सोडत दिनांक 01.11.2025
जिंका फक्त 5 अंकावर — पहिले बक्षिस ₹ 2 करोड (₹ 1 करोड x 2 बक्षिसे) — 2 बक्षिसांपैकी किमान 1 बक्षिस हमीपात्र — दुसरे बक्षिस ₹ 10 लाख (₹ 1 लाखाची x 10 बक्षिसे) — तिसरे बक्षिस ₹ 3 लाख (₹ 10 हजाराची x 30 बक्षिसे) — तिकीट किंमत ₹ 200/-
महाराष्ट्र गजलक्ष्मी रवि विकली लॉटरी — सोडत दिनांक 12/10/2025 — छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जबाबदार नाही. अचूक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पहावे. प्रस्तुतकर्ता : महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : f : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah

## निकाल — महाराष्ट्र राज्य लॉटरी — गणेशलक्ष्मी वैभव विकली लॉटरी — सोडत सायं. 5:00 वाजता

सोडत दर रविवार • सोडत क्रमांक 41 • तिकीट किं. रु. 10/- • सोडत दिनांक 12/10/2025

पहिले सामायिक बक्षिस रु. 10000/- : MG-05 : 1908

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी

दुसरे बक्षिस रु. 2000/- : 2278 5014 5963 7574 (रुखमणी एन्टरप्रायझेस, औरंगाबाद) 9791 (श्री गणेश एन्टरप्रायझेस, दादर, मुंबई)

| बक्षिस | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तिसरे बक्षिस रु. 1000/- | 0857 | 1106 | 1639 | 4654 | 5407 | 6639 | 6660 | 7313 | 7545 | 8939 |
| चौथे बक्षिस रु. 500/- | 0614 | 0952 | 3834 | 5832 | 7349 | 7980 | 8288 | 8551 | 9055 | 9912 |

पाचवे बक्षीस रु. 200/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0003 | 1120 | 2286 | 3293 | 4076 | 5339 | 6290 | 7252 | 8229 | 9040 |
| 0020 | 1277 | 2461 | 3296 | 4155 | 5542 | 6365 | 7470 | 8321 | 9090 |
| 0080 | 1309 | 2471 | 3379 | 4214 | 5551 | 6469 | 7487 | 8344 | 9145 |
| 0100 | 1327 | 2492 | 3512 | 4406 | 5574 | 6490 | 7597 | 8358 | 9230 |
| 0112 | 1388 | 2575 | 3534 | 4430 | 5629 | 6543 | 7704 | 8407 | 9259 |
| 0285 | 1521 | 2803 | 3546 | 4443 | 5709 | 6569 | 7722 | 8518 | 9269 |
| 0377 | 1526 | 2816 | 3636 | 4471 | 5765 | 6749 | 7741 | 8785 | 9290 |
| 0486 | 1633 | 2823 | 3668 | 4558 | 5831 | 6795 | 7750 | 8865 | 9498 |
| 0605 | 1766 | 2912 | 3727 | 4575 | 5918 | 6899 | 7836 | 8881 | 9509 |
| 0821 | 1901 | 2983 | 3831 | 4593 | 5950 | 7038 | 8033 | 8908 | 9689 |
| 0874 | 2006 | 3164 | 3875 | 4922 | 6004 | 7096 | 8095 | 8920 | 9721 |
| 0910 | 2240 | 3217 | 4004 | 4929 | 6086 | 7118 | 8165 | 8927 | 9899 |
| 0930 | 2273 | 3247 | 4015 | 5115 | 6112 | 7173 | 8186 | 8966 | 9951 |
| 0993 | 2282 | 3277 | 4044 | 5199 | 6149 | 7198 | 8224 | 9039 | 9982 |

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी MAHARASHTRA STATE LOTTERY — महाराष्ट्र गणेशलक्ष्मी दसरा विशेष मासिक सोडत — तिकीट किंमत रु.100/- — सोडत दिनांक 20-10-2025
जिंका फक्त 4 अंकावर पहिले सामायिक बक्षिस ₹ 22 लाख — दुसरे बक्षीस ₹ 3 लाख (₹ 10 हजारची 30 बक्षिसे) — तिसरे बक्षीस ₹ 5 लाख (₹ 5 हजारची 100 बक्षिसे)
गणेशलक्ष्मी वैभव विकली लॉटरी — सोडत दिनांक 12/10/2025 — छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जबाबदार नाही. अचूक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पहावे. प्रस्तुतकर्ता : महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : f : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah

## निकाल — महाराष्ट्र राज्य लॉटरी — महाराष्ट्र गजलक्ष्मी शुक्र विकली लॉटरी — सोडत संध्या. 4:45 वाजता

सोडत दर शुक्रवार • सोडत क्रमांक 41 • तिकीट किं. रु. 20/- • सोडत दिनांक 10/10/2025

पहिले बक्षिस रु. 10,000/- : GL-04 : 1319 — रुखमणी एन्टरप्रायझेस, औरंगाबाद

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES

| बक्षिस | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दुसरे बक्षिस रु. 2000/- | 0903 | 2573 | 2615 | 3211 | 3631 | 3673 | 4770 | 4844 | 5830 | 7195 |
| तिसरे बक्षिस रु. 1000/- | 1359 | 1522 | 5127 | 5220 | 6296 | 6796 | 7204 | 7880 | 8827 | 9953 |
| चौथे बक्षिस रु. 500/- | 0518 | 0712 | 1117 | 2004 | 2634 | 3454 | 4203 | 4317 | 5450 | 5697 |

पाचवे बक्षीस रु. 300/- (सर्व मालिकांसाठी)

| पाचवे बक्षिस रु. 300/- | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1113 | 1979 | 2543 | 3266 | 4107 | 4954 | 5852 | 6769 | 7737 | 8741 |
| 0006 | 1116 | 1986 | 2582 | 3301 | 4191 | 5030 | 5982 | 6845 | 7738 | 8837 |
| 0131 | 1119 | 2006 | 2607 | 3365 | 4202 | 5053 | 6084 | 6866 | 7752 | 8841 |
| 0280 | 1139 | 2008 | 2702 | 3368 | 4231 | 5059 | 6102 | 6931 | 7769 | 8872 |
| 0281 | 1170 | 2025 | 2726 | 3378 | 4259 | 5129 | 6218 | 6997 | 7795 | 8994 |
| 0339 | 1191 | 2074 | 2732 | 3400 | 4401 | 5196 | 6239 | 7025 | 7820 | 9046 |
| 0400 | 1211 | 2078 | 2745 | 3432 | 4418 | 5269 | 6271 | 7043 | 7921 | 9053 |
| 0451 | 1213 | 2079 | 2791 | 3434 | 4445 | 5275 | 6296 | 7059 | 7929 | 9097 |
| 0452 | 1262 | 2083 | 2824 | 3436 | 4449 | 5355 | 6326 | 7099 | 8025 | 9195 |
| 0556 | 1288 | 2112 | 2928 | 3500 | 4453 | 5396 | 6378 | 7151 | 8074 | 9309 |
| 0665 | 1361 | 2187 | 3019 | 3525 | 4546 | 5501 | 6442 | 7192 | 8086 | 9394 |
| 0703 | 1495 | 2229 | 3037 | 3541 | 4594 | 5522 | 6566 | 7217 | 8141 | 9406 |
| 0800 | 1581 | 2235 | 3053 | 3573 | 4622 | 5538 | 6574 | 7319 | 8162 | 9468 |
| 0805 | 1603 | 2248 | 3063 | 3643 | 4630 | 5545 | 6626 | 7357 | 8168 | 9474 |
| 0821 | 1607 | 2266 | 3072 | 3715 | 4674 | 5563 | 6652 | 7388 | 8174 | 9665 |
| 0826 | 1701 | 2279 | 3078 | 3774 | 4774 | 5599 | 6657 | 7567 | 8188 | 9728 |
| 0852 | 1708 | 2328 | 3093 | 3850 | 4842 | 5609 | 6665 | 7572 | 8312 | 9768 |
| 0873 | 1802 | 2342 | 3127 | 3933 | 4847 | 5658 | 6693 | 7610 | 8334 | 9774 |
| 0923 | 1814 | 2398 | 3161 | 3991 | 4876 | 5662 | 6694 | 7611 | 8419 | 9950 |
| 0937 | 1891 | 2479 | 3244 | 4037 | 4900 | 5701 | 6757 | 7717 | 8427 | 9985 |
| 1039 | 1899 | 2520 | 3260 | 4059 | 4902 | 5795 | 6767 | 7729 | 8518 | 9989 |

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी MAHARASHTRA STATE LOTTERY — महाराष्ट्र गजराज मासिक सोडत — सोडत दिनांक 22/10/2025
जिंका फक्त 4 अंकावर — पहिले सामायिक हमीपात्र* बक्षीस ₹ 5 लाख — एकूण तिकीट संख्येच्या 80% तिकीटांची विक्री झाल्यानंतर पहिले बक्षिस हमीपात्र — सहावे बक्षिस रु. ₹ 2.5 लाख * (रु.100 च्या 2500 बक्षिसे) * — तिकीट किंमत ₹20/-
महाराष्ट्र गजलक्ष्मी शुक्र विकली लॉटरी — सोडत दिनांक 10/10/2025 — छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जबाबदार नाही. अचूक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पहावे. प्रस्तुतकर्ता : महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : f : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah

१- श्रद्धा सबूरी लॉटरी, साई मंदिर
२- जय भोले लॉटरी, झेरी लॉन
३- न्यू बॉम्बे लॉटरी, लक्ष्मी भवन चौक धरमपेठ
४-साई लॉटरी, पंचशील चौक
५- अनिल बंसोड़ लॉटरी, झासीरानी चौक बर्डी
६- नरेंद्र लॉटरी, शिवम् मॉल के पास सीताबर्डी
७- प्रवीण लॉटरी महाराष्ट्र बैंक मुंजे चौक सीताबर्डी
८-मयूरी लॉटरी, आकाशवाणी चौक
९-माँ आंबे लॉटरी, आगाराम देवी
१०- नितिन लॉटरी, रामबाग कॉलोनी, मेडिकल चौक
११-दिलीप लॉटरी, नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१२ श्री गणेश लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१३-शुभम लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१४ श्री गजानन लॉटरी झेंडा चौक, महाल
१५-आशीष लॉटरी शाहिद चौक, इतवारी
१६- ख्वाजा लॉटरी कमाल टॉकीज़, कमाल चौक
१७- वैभव लॉटरी इंदौरा चौक लष्करी बाग
१८-चिकटे लॉटरी सक्करदरा चौक
१९- ओमसाई लॉटरी,महाकाळकर बिल्डिंग, छोटा ताजबाग
२०- गुरुदेव लॉटरी , गांधीचौक चंद्रपुर
२१-गजानन लॉटरी, अकोला
22- प्रेम लॉंटरी सेंटर, कमाल चौक
23- नारायण लॉटरी, शहीद चौक, इतवारी
24- महावीर लॉटरी, बाजार चौक, कलमेश्वर

प्रविण कडू : 9822472123

# कुलदीप यादव की फिरकी में फंसी वेस्टइंडीज

## नहीं बचा सके फॉलोऑन

**नई दिल्ली.** टीम इंडिया के खिलाफ दिल्ली टेस्ट मैच में वेस्टइंडीज की टीम फॉलोऑन नहीं बचा सकी. इस मुकाबले में भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 518 रन पर अपनी पारी घोषित की थी. लेकिन वेस्टइंडीज की पहली पारी इसके जवाब में 248 रन ढेर हो गई. यानी वह भारत से 270 रन पीछे रह गई और उसे एक बार फिर बल्लेबाजी के लिए उतरना पड़ा. वेस्टइंडीज के इस खराब प्रदर्शन की सबसे बड़ी वजह कुलदीप यादव की जादुई गेंदबाजी रही, जिन्हें विंडीज बल्लेबाजों को क्रीज पर टिकने नहीं दिया.




**कुलदीप यादव ने बल्लेबाजों का किया बुरा हाल**

दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले जा रहे इस मुकाबले में कुलदीप यादव ने कमाल का प्रदर्शन किया. वह मुकाबले की पहली पारी में सबसे सफल गेंदबाज रहे. उन्होंने इस पारी में 26.5 ओवर फेंके और 5 बल्लेबाजों को अपना शिकार बनाया. उन्होंने अपने टेस्ट करियर में 5वीं बार 5 विकेट हॉल अपने नाम किया. खास बात ये रही कि उनके टेस्ट करियर का पहला 5 विकेट हॉल भी वेस्टइंडीज के खिलाफ साल 2018 में आया था. यानी कुलदीप ने 7 साल के बाद वेस्टइंडीज के खिलाफ 5 विकेट हॉल लेने का कारनामा दोहराया है.

कुलदीप यादव ने इस पारी के दौरान कई अहम विकेट चटकाए. उनका पहला शिकार एलिक एथेनाज बने, जो 41 रन बनाकर पवेलियन लौटे. वहीं, शे होप का विकेट भी कुलदीप ने हासिल किया, जो 36 रन बनाकर खेल रहे थे. इन दोनों खिलाड़ियों के बीच एक अच्छी साझेदारी हुई, लेकिन कुलदीप इस साझेदारी का अंत करने में कामयाब रहे. इसके बाद उन्होंने टेविन इमलाच, जस्टिन ग्रीव्स और जेडन सील्स का भी विकेट अपने नाम किया.

**ऐसा करने वाले दुनिया के दूसरे गेंदबाज**

बता दें, कुलदीप यादव दुनिया के सिर्फ दूसरे बाएं हाथ के कलाई वाले स्पिनर हैं, जिन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 5 बार 5 विकेट हॉल अपने नाम किया है. उनके अलावा दिग्गज जॉनी वार्डले ही ऐसा कर सके हैं. हालांकि, जॉनी वार्डले ने ये कारनामा 28 टेस्ट मैचों में किया था और कुलदीप ने 15 मैचों में ही ये उपलब्धि हासिल कर ली है.

# बाबर आजम फिर हुए फ्लॉप शतक का इंतजार अब भी जारी




**कराची.** पाकिस्तान और साउथ अफ्रीका के बीच खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के पहले दिन मेजबान टीम के चार बल्लेबाजों ने शानदार अर्धशतक जमाकर मजबूत शुरुआत दिलाई। हालांकि, टीम के स्टार बल्लेबाज बाबर आजम एक बार फिर बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे। बाबर को साउथ अफ्रीका के उस गेंदबाज ने आउट किया, जो करीब 947 दिनों बाद इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी कर रहा था। उनकी इस असफलता के साथ ही बाबर का टेस्ट क्रिकेट में शतक लगाने का इंतजार और लंबा हो गया है। बाबर आजम ने पिछली 73 पारियों और लगभग 31 महीनों से कोई टेस्ट शतक नहीं जड़ा है, जो उनके करियर के लिए चिंता का विषय बनता जा रहा है। टीम के अन्य बल्लेबाजों ने जहां पिच का पूरा फायदा उठाया, वहीं बाबर की लय एक बार फिर नदारद दिखी। टीम प्रबंधन को उम्मीद है कि बाबर जल्द ही फॉर्म में लौटेंगे, लेकिन लंबे समय से बड़ी पारी का इंतजार अब दबाव का कारण बनता दिख रहा है।पाकिस्तान के कप्तान शान मसूद के आउट होने के बाद बाबर आजम मैदान में उतरे. उन्होंने शुरू में कुछ शानदार शॉट लगाए, लेकिन साउथ अफ्रीका के स्पिनर साइमन हार्मर ने बाबर आजम को एलबीडब्ल्यू आउट करके मेजबान टीम को बड़ा झटका दिया. साइमन हार्मर मार्च 2023 के बाद इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी कर रहे हैं. बाबर आजम 48 गेंदों में 4 चौकों की मदद से 23 रन बनाकर पवेलियन लौट गए. इसके साथ ही उनका शतक ठोकने का इंतजार और बढ़ गया. बाबर आजम ने 30 अगस्त 2023 को आखिरी बार इंटरनेशनल क्रिकेट में शतक ठोका था. उन्होंने ये शतक नेपाल के खिलाफ बनाया था. इसके बाद से उनके बल्ले से कोई शतक नहीं निकला है. इसके बाद वो 73 पारी खेल चुके हैं, लेकिन कोई शतक नहीं ठोक पाए हैं. इस दौरान बाबर आजम वनडे में 29 पारी, टी20I में 23 पारी और टेस्ट मैच में 21 पारी खेल चुके हैं. बाबर आजम टेस्ट क्रिकेट में पिछले तीन सालों में कोई शतक नहीं ठोक पाए हैं. उन्होंने 26 दिसंबर 2022 को कराची में न्यूजीलैंड के खिलाफ 161 रनों की पारी खेली थी. इसके बाद इस फॉर्मेट में उनके बल्ले से कोई शतक नहीं निकला. बाबर आजम ने अब तक 60 टेस्ट मैच खेले हैं. इसकी 109 पारियों में उन्होंने 42.58 की औसत से 4258 रन बनाए हैं. इसमें 9 शतक और 29 अर्धशतक शामिल हैं. वनडे में बाबर आजम ने 134 मैचों में 19 शतक ठोके हैं, जबकि 128 टी20I में 3 शतक बना चुके हैं.

# जेडन सील्स को न मिली विकेट, उल्टा आईसीसी ने लगा दिया जुर्माना

**नई दिल्ली.** भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में भी वेस्टइंडीज की हालत एकदम पस्त ही नजर आई. टीम इंडिया के पहली पारी में 518 रन के जवाब में विंडीज टीम सिर्फ 248 रन पर ढेर हो गई, जिसके बाद टीम इंडिया ने उसे फॉलोऑन के लिए मजबूर किया. टीम का प्रदर्शन तो खराब रहा ही, साथ ही वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज जेडन सील्स ने तो अपना दोहरा नुकसान करवा लिया. एक तो उन्हें पहली पारी में कोई सफलता नहीं मिली और उस पर अपनी एक हरकत से विंडीज पेसर को आईसीसी की सजा का सामना करना पड़ गया. दिल्ली टेस्ट मैच के पहले दिन अपनी आक्रामक हरकत के कारण सील्स पर आईसीसी ने फाइन लगा दिया. अरुण जेटली स्टेडियम में भारत और वेस्टइंडीज के बीच दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन आईसीसी ने जेडन सील्स पर सजा का ऐलान किया. जहां तीसरे दिन अपनी दूसरी पारी में विंडीज बल्लेबाज कुछ दम दिखाकर मैदान पर डटे हुए थे, वहीं उसी दौरान सील्स को




आईसीसी की ओर से सजा दी गई. वेस्टइंडीज के युवा तेज गेंदबाज पर ये कार्रवाई मैच के पहले दिन की उनकी हरकत के कारण हुई, जब उन्होंने टीम इंडिया के ओपनर यशस्वी जायसवाल को गेंद मारी. भारतीय पारी के 29वें ओवर में सील्स की एक गेंद को जायसवाल ने वापस गेंदबाज की तरफ खेला. सील्स ने गेंद को खुद ही लपक लिया और तभी विकेट न मिलने की हताशा को उन्होंने आक्रामक तेवरों में बदल दिया. गेंद रोकते ही सील्स ने इसे वापस जायसवाल की ओर फेंका, जो भारतीय बल्लेबाज के पैड पर जाकर लगी. हालांकि सील्स ने तुरंत ही हाथ उठाकर माफी मांगी लेकिन अंपायरों ने इस बर्ताव की शिकायत मैच रेफरी से की. जब रेफरी ने विंडीज पेसर को उन पर लगे आरोपों के बारे में बताया तो उन्होंने अपनी गलती मानने से इनकार कर दिया. ऐसे में रेफरी के सामने जेडन सील्स की सुनवाई हुई, जहां कैरेबियाई खिलाड़ी ने अपने पक्ष में सफाई पेश की. उन्होंने कहा कि जायसवाल क्रीज से बाहर थे और इसलिए वो उन्हें रन आउट करना चाह रहे थे. मगर रेफरी ने उन्हें उस घटना के रिप्ले दिखाए और बताया कि उनकी हरकत आईसीसी की आचार संहिता (कोड ऑफ कंडक्ट) के आर्टिकल 2.9 का उल्लंघन थी. इस आर्टिकल में गेंद या किसी भी अन्य चीज को किसी खिलाड़ी पर या उसकी ओर खतरनाक तरीके से फेंकने का जिक्र है, जिसे कानूनों के खिलाफ माना जाता है. इसके चलते जेडन सील्स पर मैच फीस का 25 फीसदी का जुर्माना लग गया. यानि उन्हें मिलने वाली मैच फीस का 25 पर्सेंट काट लिया जाएगा. इतना ही नहीं, उन्हें दूसरी सजा के तौर पर एक डिमेरिट पॉइंट भी दिया गया. ये पिछले 24 महीने में उनका दूसरा डिमेरिट पॉइंट है. दो और पॉइंट के बाद उन पर एक मैच का बैन लग जाएगा.

# जन्मदिन पर रिंकू सिंह को मंगेतर प्रिया सरोज का खास तोहफा

**नई दिल्ली.** टीम इंडिया के मध्यक्रम के विस्फोटक बल्लेबाज रिंकू सिंह 12 अक्टूबर को अपना 28वां जन्मदिन मनाया । उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में जन्में रिंकू को इस खास मौके पर उनकी मंगेतर और समाजवादी पार्टी की सांसद प्रिया सरोज ने सोशल मीडिया के जरिए खास अंदाज़ में जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। प्रिया सरोज ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर रिंकू सिंह के साथ रिंग सेरेमनी की तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, "हैप्पी बर्थडे रिंकू सिंह" और इसके साथ दिल की इमोजी भी जोड़ी। तस्वीरों में दोनों के बीच का गहरा रिश्ता और भावनात्मक जुड़ाव साफ नजर आ रहा है। बता दें कि रिंकू और प्रिया ने जून 2025 में लखनऊ में सगाई की थी। इस दौरान प्रिया सरोज काफी भावुक हो गई थीं, जिन्हें रिंकू ने संभाला था। जल्द ही दोनों शादी के बंधन में बंध सकते हैं, हालांकि अभी तक शादी की तारीख का आधिकारिक ऐलान नहीं हुआ है।



अगस्त 2025 में प्रिया सरोज रिंकू सिंह से मिलने नोएडा पहुंची थीं, जहां वह यूपी टी20 लीग के लिए अभ्यास कर रहे थे। दोनों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुई थीं और फैंस ने इस जोड़ी को खूब सराहा था।

**क्रिकेट करियर की बात करें तो...**

रिंकू सिंह इस साल एशिया कप 2025 के लिए भारतीय टीम का हिस्सा थे। हालांकि उन्हें सिर्फ फाइनल मैच में खेलने का मौका मिला, जहां उन्होंने निर्णायक भूमिका निभाते हुए विजयी रन बनाए।

अब तक रिंकू सिंह ने 34 T20I मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 42.30 की औसत से 550 रन बनाए हैं। इसमें 3 अर्धशतक शामिल हैं। इसके अलावा उन्होंने 2 वनडे मैच भी खेले हैं। रिंकू सिंह अपनी आक्रामक बल्लेबाजी और शांत स्वभाव के लिए जाने जाते हैं। मैदान के अंदर और बाहर दोनों जगह उनकी लोकप्रियता लगातार बढ़ती जा रही है।

# चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद भी एक सीरीज नहीं भूल पाए गंभीर

**नई दिल्ली.** गौतम गंभीर जब से टीम इंडिया के हेड कोच बने हैं, वो लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं. टीम इंडिया में युवा खिलाड़ियों को मौका देना और सीनियर खिलाड़ियों को बाहर करने के कारण वो कुछ लोगों के निशाने पर हैं तो कुछ की तारीफ भी पा रहे हैं. टीम इंडिया का प्रदर्शन भी उनके कार्यकाल में उतार-चढ़ाव भरा रहा है. चैंपियंस ट्रॉफी और एशिया कप जैसे टूर्नामेंट भारतीय टीम ने इस दौरान जीते हैं. मगर इसके बावजूद गंभीर का मानना है कि अपने कोचिंग करियर में वो उस सीरीज को कभी नहीं भूलेंगे, जिसने टीम इंडिया को सबसे बड़ा झटका




दिया था. कोलकाता नाइट राइडर्स को बतौर मेंटॉर आईपीएल 2024 का चैंपियन बनाने के बाद गौतम गंभीर ने जुलाई 2024 में टीम इंडिया के हेड कोच की जिम्मेदारी संभाली थी. इसके बाद से ही भारतीय टीम ने कई बड़े बदलाव देखे हैं. तीनों फॉर्मेट की कप्तानी बदल चुकी है.

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ धमाकेदार पारी महिला क्रिकेट में रचा इतिहास

**विशाखापट्टनम.** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उप-कप्तान और स्टार ओपनर स्मृति मंधाना जब-जब मैदान पर बल्ला लेकर उतरती हैं, कोई न कोई नया रिकॉर्ड बना ही देती हैं. हालांकि उनके लिए आईसीसी विमेंस वर्ल्ड कप 2025 की शुरुआत अच्छी नहीं रही लेकिन यहां भी उनके बल्ले से जब-जब रन निकले, उनसे कोई न कोई रिकॉर्ड बना ही. इसी लिस्ट में स्मृति ने एक ऐसा कमाल कर दिया, जो महिला क्रिकेट के इतिहास में पहले कभी नहीं हुआ था. ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वर्ल्ड कप के मैच में दमदार पारी खेलने वाली स्मृति ने इस साल ओडीआई क्रिकेट में एक हजार रन पूरे कर लिए और




ऐसा करने वाली पहली बल्लेबाज बन गईं. विशाखापट्टनम में रविवार 12 अक्टूबर को इस अहम मुकाबले में टीम इंडिया पहले बैटिंग के लिए उतरी. जाहिर तौर पर सारा फोकस मंधाना पर था क्योंकि पिछले तीनों मैच में उनका बल्ला नहीं चला था. शुरुआत हासिल करने के बावजूद वो 50 का आंकड़ा भी नहीं छू पा रही थीं. मगर ऑस्ट्रेलियाई टीम के सामने आते ही बाएं हाथ की स्टाइलिश बल्लेबाज ने अपना जलवा दिखाना शुरू कर दिया. वर्ल्ड कप से ठीक पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज में रन की बारिश करने वाली मंधाना ने ये सिलसिला वर्ल्ड कप में भी जारी रखा.

मंधाना ने पिछले मैच में ही एक साल में सबसे ज्यादा ओडीआई रन बनाने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया था. मगर इस मैच में उनके पास मौका था पहली महिला क्रिकेटर बनने का, जिसने एक कैलेंडर ईयर में 1000 वनडे रन बनाए हों. इसके लिए मंधाना को सिर्फ 18 रन की जरूरत थी और यहां तक पहुंचने में भारतीय स्टार ने ज्यादा वक्त नहीं लिया. मंधाना ने 8वें ओवर में 2 चौके और 1 छक्का लगाकर ये 18 रन का स्कोर पार किया और इसके साथ ही महिला वनडे के इतिहास में एक साल में 1000 रन बनाने वाली पहली बल्लेबाज बन गईं.मंधाना ने इस साल सिर्फ 18 पारियों में ये वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया, जिसमें 4 शतक और 4 अर्धशतक उनके बल्ले से निकले.

सबसे तेजी से 5000 रन पूरे

मगर स्मृति सिर्फ यहीं पर नहीं रुकीं और उन्होंने 46 गेंदों में ही इस वर्ल्ड कप का अपना पहला अर्धशतक भी पूरा कर लिया. फिर कुछ ही देर में मंधाना ने एक और रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया. जैसे भी भारतीय बल्लेबाज ने 58 रन का आंकड़ा छुआ, उनके वनडे क्रिकेट में 5000 रन भी पूरे हो गए. सिर्फ 29 साल और 86 दिन की उम्र में 5000 रन बनाने वाली वो सबसे युवा महिला क्रिकेटर बन गईं. इतना ही नहीं, 112 पारियों और 5569 गेंदों में ये आंकड़ा पार करने वाली सबसे तेज बल्लेबाज भी बन गईं. उन्होंने वेस्टइंडीज की स्टेफनी टेलर (129 पारियां) और न्यूजीलैंड की सूजी बेट्स (6182 गेंद) के रिकॉर्ड तोड़े.हालांकि मंधाना ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक और शतक लगाने से चूक गईं. वो 66 गेंदों में 80 रन की विस्फोटक पारी खेलकर आउट हुईं, जिसमें 9 चौके और 3 छक्के शामिल थे. साथ ही ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 1000 वनडे रन पूरे करने से भी वो 4 रन से चूक गईं. फिलहाल उनके नाम 20 पारियों में 996 रन हैं, जिसमें 4 शतक और 6 अर्धशतक शामिल हैं.

# दिल्ली हाफ मैराथन 2025: केन्याई धावकों का जलवा

## एलेक्स मटाटा और लिलियन रेंगरुक ने मारी बाज़ी

**नई दिल्ली.** दिल्ली की सड़कों पर 12 अक्टूबर को आयोजित वेदांत दिल्ली हाफ मैराथन 2025 में एक बार फिर केन्या के धावकों का दबदबा देखने को मिला। पुरुष वर्ग में एलेक्स मटाटा और महिला वर्ग में लिलियन कासैट रेंगरुक ने एलीट खिताब जीतकर इस प्रतिष्ठित दौड़ पर कब्जा जमाया। 28 वर्षीय एलेक्स मटाटा ने पुरुषों की हाफ मैराथन को 59 मिनट 50 सेकंड में पूरा करते हुए शानदार जीत दर्ज की। उन्होंने इथियोपिया के बोयेलिन टेशागर (1:00:22) और केन्या के ही जेम्स किपकोगी (1:00:25) को पीछे छोड़ा। मटाटा ने शुरुआत से ही तेज़ रफ्तार बनाए रखी और पूरे रेस के दौरान अपनी लय नहीं खोई।




उल्लेखनीय है कि पिछले साल इसी मैराथन में मटाटा को दूसरे स्थान से संतोष करना पड़ा था, लेकिन इस बार उन्होंने शानदार वापसी करते हुए पहला स्थान हासिल किया। महिला वर्ग में लिलियन कासैट रेंगरुक ने दमदार प्रदर्शन करते हुए टाइटल अपने नाम किया, हालांकि उनका समय और अन्य आंकड़े आयोजकों द्वारा अब तक सार्वजनिक नहीं किये गए हैं। दिल्ली हाफ मैराथन 2025 में दुनियाभर से एलीट और शौकिया धावकों ने हिस्सा लिया, जिसमें जलवायु, सुरक्षा और आयोजन को लेकर विशेष तैयारियां की गई थीं।

**कार्ल लुईस रहे आकर्षण का केंद्र**

महिला वर्ग में लिलियन कासैट रेंगरुक ने 1 घंटा 7 मिनट 20 सेकंड का समय निकालकर खिताब जीता। इथियोपिया की मेलाल सियूम बिरातु (1:07:21) को मामूली अंतर से दूसरा स्थान मिला, जबकि मुलत टेकले (1:07:29) तीसरे स्थान पर रहीं। यह रेस रोमांच से भरपूर रही, जहां अंतिम चरण में रेंगरुक ने गति बढ़ाकर बढ़त हासिल की। दोनों विजेताओं को 27000 अमेरिकी डॉलर की इनामी राशि दी गई। इस प्रतिष्ठित आयोजन में विशेष आकर्षण रहे 9 बार के ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट कार्ल लुईस, जिन्होंने फिनिश लाइन पर विजेताओं का स्वागत किया। भारत के अभिषेक ने मारी बाजी दिल्ली हाफ मैराथन के 20वें संस्करण में इस बार जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। 40,000 से अधिक प्रतिभागियों ने विभिन्न श्रेणियों हाफ मैराथन, ओपन 10K, 'चैंपियंस विद डिसेबिलिटी रन', 'सीनियर सिटीजन रन' और 'ग्रेट दिल्ली रन' में हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम से हुआ। इस प्रतियोगिता की कुल पुरस्कार राशि 260000 डॉलर रही। भारतीय प्रतिभागियों में अभिषेक पाल (1:04:17) पुरुष वर्ग में और सीमा (1:11:23) महिला वर्ग में सबसे तेज धावक रहे। मटाटा ने अपने शानदार प्रदर्शन से एक बार फिर साबित किया कि वह लंबी दूरी की दौड़ में विश्व स्तरीय एथलीट हैं, जबकि रेंगरुक ने भी अपने आत्मविश्वास और गति से सभी का दिल जीत लिया।

# भारतीय फैंस के लिए खुशखबरी

**नई दिल्ली.** महान फुटबॉल खिलाड़ी लियोनल मेसी के बहुप्रतीक्षित 'गोआट टूर टू इंडिया 2025' को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। अर्जेंटीना के वर्ल्ड कप विजेता मिडफील्डर रोड्रिगो डी पॉल और उरुग्वे के स्टार स्ट्राइकर लुइस सुआरेज अब इस दौरे का हिस्सा होंगे। इससे भारतीय फैंस में उत्साह और बढ़ गया है, क्योंकि तीनों फुटबॉल दिग्गज एक साथ भारतीय मैदानों पर नजर आएंगे। आयोजक सतद्रु दत्ता ने सोशल मीडिया पर इसकी आधिकारिक घोषणा करते हुए लिखा - गेम सेट मैच! अब सब कुछ तय हो गया है। अर्जेंटीना के वर्ल्ड कप विजेता सुपरस्टार रोड्रिगो डी पॉल और उरुग्वे के दिग्गज लुइस सुआरेज 'गोआट टूर टू इंडिया 2025' में मेसी के साथ शामिल होंगे। डी पॉल, जो अर्जेंटीना की 2022 फीफा वर्ल्ड कप विजेता टीम का अहम हिस्सा थे, मैदान के अंदर और बाहर मेसी के सबसे भरोसेमंद साथी माने जाते हैं। वहीं, लुइस सुआरेज, जो वर्तमान में स्पेनिश लीग ला लीगा में एटलेटिको मैड्रिड के लिए खेल रहे हैं, अपनी पीढ़ी के सबसे खतरनाक स्ट्राइकरों में से एक हैं। सुआरेज ने अपने करियर में 500 से अधिक गोल दागे हैं और बार्सिलोना व लिवरपूल के लिए कई यादगार प्रदर्शन किये हैं।बार्सिलोना के दौर में सुआरेज, मेसी और नेमार की तिकड़ी फुटबॉल इतिहास की सबसे घातक साझेदारियों में गिनी जाती है। इस दौरान उन्होंने क्लब को चार ला लीगा खिताब और 2015 की यूईएफ़ए चैंपियंस लीग जिताई थी।

# मैं निम्न जाति से हूं...

## > वियतनाम में बोले सीजेआई गवई

**नई दिल्ली.**

सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बी. आर. गवई ने वियतनाम से भारतीय संविधान के महत्व को बताया है। उन्होंने कहा कि उनका जन्म एक निम्न जाति के परिवार में हुआ था। भारतीय संविधान ने उनके लिए सुरक्षा, सम्मान और अवसर की मान्यता के अवसर भी सुनिश्चित किए। जस्टिस गवई ने कहा कि उनका जीवन इस बात का जीता-जागता उदाहरण है कि कैसे संवैधानिक सुरक्षा उपायों अछूतों की तरह जीवन जीने वाले लोगों को समानता का दर्जा दिलाया है। संविधान ने समानता को एक दूर की सोच बनाने की बजाय जीवन की वास्तविकता बनाया है।

वियतनाम की राजधानी हनोई में 38वे लॉएशिया सम्मलेन में लोगों को संविधान का महत्व बताते हुए सीजेआई गवई ने कहा, 'मेरे लिए एक निम्न जाति परिवार में पैदा होने का मतलब अछूत होना नहीं था, क्योंकि संविधान ने मेरी गरिमा को हर दूसरे नागरिक के बराबर माना। उसने न केवल हमें सुरक्षा प्रदान की बल्कि अवसर, स्वतंत्रता और सामाजिक न्याय का वादा भी किया।

सीजेआई गवई ने संबोधन के दौरान उनके जीवन पर गौतम बुद्ध, महात्मा गांधी और पिता आरएस गवई के प्रभाव को भी याद किया। उन्होंने कहा, अंबेडकर ने दिखाया कि कानून को लोगों के बीच में समानता के माध्यम में परिवर्तित करना चाहिए, न



कि इसके जरिए एक पदानुक्रम निश्चित कर लेना चाहिए, जबकि मेरे पिता ने मुझे न्याय और करुणा के मूल्य दिए।

इन मूल्यों के साथ अपनी कानूनी प्रैक्टिस का जिक्र करते हुए सीजेआई गवई ने बताया कि एक बार उन्होंने एक ऐसे समाज के व्यक्ति का केस लड़ा था, जिस समाज से कभी भी कोई डॉक्टर नहीं बना था। उन्होंने कहा कि जो केस एक सामान्य नियुक्ति विवाद जैसा लग रहा था, उस केस ने उस समाज के लिए एक आशा की किरण जगाई थी।

### हर केस में दिखें संविधानिक मूल्य: सीजेआई

मुख्य न्यायाधीश ने जोर देकर कहा कि वकीलों को यह समझना चाहिए कि हर मामला संवैधानिक मूल्यों को आगे बढ़ाने का एक अवसर है। उन्होंने कहा, 'वकीलों के तौर पर हमारी जिम्मेदारी किसी भी मामले में केवल मन मुताबिक परिणाम प्राप्त करने से कहीं अधिक होती है। हमें यह भी ध्यान रखना चाहिए कि हम जो तर्क देते हैं, क्या वह संविधान के मूल्यों का विस्तार करते हैं या नहीं।

# बम बनाते समय जोरधार ब्लास्ट

### 80 प्रतिशत झुलसा युवक

**लखनऊ.**

उत्तर प्रदेश के कानपुर में बीते दिनों विषातखाना में हुए बम धमाके के बाद कानपुर कमिश्नरेट पुलिस ने सख्ती दिखाई थी, जिसके बाद अगले ही दिन थाना फजलगंज, नौबस्ता क्षेत्र में भारी मात्रा में अवैध रूप से इकट्ठे किए गए पटाखे बरामद किए गए थे, लेकिन शहर के बाहरी इलाकों में अवैध पटाखों का निर्माण अब भी जारी है. सचेंदी क्षेत्र में पटाखा बनाते समय धमाका हो गया, जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया. युवक का हाथ का पंजा पूरा उड़ गया.

इस घटना में युवक 80 प्रतिशत जल गया है. युवक का इलाज कानपुर के उर्सला अस्पताल में चल रहा है. घायल के बारे में जानकारी देते हुए हौसला के चीफ फिजिशियन सपन गुप्ता ने बताया कि जले हुए युवक की हालत



बेहद गंभीर है. उसका इलाज जारी है. घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने धमाके के बाद घायल युवक को सुतली बमों के ढेर में पड़ा देखा था, जिसमें बाद उसे अस्पताल लाया गया. थाना सचेंडी पुलिस ने बताया कि बम बनाते समय विस्फोट होने से युवक के हाथों के पंजे बुरी तरह से जल गए हैं और 80 फीसदी झुलस गया है. घटना थाना सचेंडी से करीब दो किलोमीटर दूर कब्रिस्तान में घटी, जिसमें बिरारा गांव का रहने वाला 50 वर्षीय शकील गंभीर रूप से झुलस गया. उनके हाथों के पंजे भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए. घटना के बाद शकील को कानपुर के कल्याणपुर के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन बहुत ज्यादा जल जाने के चलते उसकी स्थिति गंभीर हो गई, जिसके बाद उसे सरकारी अस्पताल हौसला में इलाज के लिए भर्ती कराया है. पुलिस घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची और जांच की. इसके बाद बताया कि घटनास्थल पर चार अन्य लोगों के मौजूद होने की बात सामने आ रही है. इसके साथ ही देसी बम बनाने की सामग्री, सुतली बम के टुकड़े, जला हुआ प्लास्टिक, मौरंग, गिट्टी और बारूद का मिश्रण मौके से पाया गया है. पुलिस ने जांच शुरू कर दी है. धमाके की आवाज आसपास के क्षेत्र में भी गूंजी, जिसके बाद ग्रामीणों ने बताया कि धमाका इतना तेज था की घटनास्थल से 1 किलोमीटर दूर तक लोग दहशत में आ गए थे. जब आसपास के लोगों ने धमाके की आवाज सुनी तो वह घटना स्थल, कब्रिस्तान के बगल में सुनसान पड़े खेत में पहुंचे और नजारा देखकर दंग रह गए. खेत में भारी मात्रा में देसी बम बनाने का सामान लोगों ने देखा. घटना के बाद कानपुर पुलिस अलर्ट मोड पर आ गई है, जिसके बाद कानपुर के आउटर जहां पर देसी बम के बनाने का काम होता रहा है. वहां पर भी दबिश जा रही है.

# ममता के शासन में रेप पर बवाल

**कोलकाता.**

पश्चिम बंगाल के पश्चिम बर्धमान जिले के दुर्गापुर में एक निजी मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की छात्रा से गैंगरेप के केस पर बवाल मच गया है. राज्य में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सवाल किए जा रहे हैं. वहीं, गैंगरेप पर टिप्पणी करते हुए सीएम ममता बनर्जी द्वारा रात को लड़कियों को बाहर नहीं निकले की टिप्पणी से सियासत गरमा गई है. विपक्षी पार्टी खास पर बीजेपी ममता बनर्जी के बयान को लेकर उनपर निशाना साध रही है.

हालांकि यह पहली बार नहीं है, जब रेप और गैंगरेप के मुद्दे पर बंगाल सुर्खियों में रहा है. इससे पहले अगस्त 2024 को कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मेडिकल की छात्रा की गैंगरेप और मर्डर के मामले में राज्य में काफी बवाल मचा था. इस मामले में डॉक्टरों का विरोध प्रदर्शन लंबा चला था और अस्पताल में काम करने वाले एक शख्स को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा भी दी है. इससे पहले कसबा स्थित लॉ कॉलेज परिसर में छात्रा के साथ रेप का मामला भी काफी तूल पकड़ा था और अब दुर्गापुर के निजी मेडिकल कॉलेज की छात्रा से रेप के मामले में फिर से राज्य में महिलाओं की सुरक्षा पर सवाल किए जा रहे हैं. इस तरह से 12 महीने में तीन रेप के बड़े केस हुए हैं. शुक्रवार को ओडिशा की रहने वाली दुर्गापुर के निजी कॉलेज की एक मेडिकल कॉलेज छात्रा के साथ अज्ञात लोगों ने कथित तौर पर बलात्कार किया. यह घटना तब हुई, जब द्वितीय वर्ष की छात्रा अपनी एक सहेली के साथ रात के खाने के लिए बाहर गई थी.



दूसरी ओर, ओडिशा के सीएम मोहन माझी ने जघन्य अपराध की निंदा की ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन माझी ने इस घटना की कड़ी निंदा की और वरिष्ठ अधिकारियों को पश्चिम बंगाल सरकार के साथ समन्वय में आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया. उन्होंने पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता और समर्थन देने का भी वादा किया. उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में कानून-व्यवस्था की पूरी तरह से ध्वस्त स्थिति की ज़िम्मेदारी से मुख्यमंत्री बच नहीं सकतीं. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री होने के नाते, ममता बनर्जी का यह बयान न केवल बंगाल की हर महिला का अपमान है, बल्कि गंभीर चिंता का विषय भी है. एक महिला मुख्यमंत्री की इस तरह की टिप्पणी एक बार फिर यह उजागर करती है कि कानून-व्यवस्था पूरी तरह से सरकार के नियंत्रण से बाहर हो गई है. अब ममता बनर्जी का नैतिक कर्तव्य है कि वह बिना किसी देरी के पद छोड़ दें.

# आजम खान को फिर मिली 'वाय' कैटेगरी' सुरक्षा

**नई दिल्ली.**

समाजवादी पार्टी के नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान की सुरक्षा फिर से बहाल कर दी गई है. समाजवादी पार्टी के नेता को फिर से वाई श्रेणी की सुरक्षा प्रदान गई है. शनिवार से ही उनकी सुरक्षा में तैनात गार्ड एवं गनर तैनात कर दिए गये हैं. इससे पहले कोर्ट से दोषी करार दिए जाने के बाद उनकी विधानसभा सदस्यता खत्म कर दी गई थी.

उत्तर प्रदेश सरकार ने समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान को दी गई 'वाई-श्रेणी' सुरक्षा वापस लेते हुए कहा था कि इसकी जरूरत नहीं थी. उन्हें लखनऊ स्थित सुरक्षा मुख्यालय से एक पत्र मिला था, जिसमें कहा गया था कि रामपुर से 10 बार विधायक रहे आजम खान को वाई-श्रेणी की सुरक्षा देने की कोई जरूरत नहीं है. वाई-श्रेणी की सुरक्षा के तहत आजम खान को तीन बंदूकधारी और सुरक्षाकर्मी दिए गए थे, जो उनके आवास पर चौबीसों घंटे तैनात रहते थे. आज़म खान ने 2022 के उत्तर प्रदेश चुनावों में रामपुर विधानसभा सीट से रिकॉर्ड 10वीं बार जीत हासिल की थी. विधायक बनने के बाद उन्होंने लोकसभा से इस्तीफा दे दिया था.

अक्टूबर 2022 में, उत्तर प्रदेश विधान सभा सचिवालय ने आजम खान को सदन से अयोग्य घोषित करने की घोषणा की, जिसके एक दिन पहले ही अदालत ने उन्हें भड़काऊ भाषण के एक मामले में तीन साल की जेल की सजा सुनाई थी. लेकिन अब 23 महीने के बाद आजम खान जमानत से बाहर आए हैं. उनके जेल से बाहर आने के बाद उनसे मिलने वालों का तांता लगा हुआ है.

समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने भी उनसे मुलाकात की थी.उन्होंने आजम खान के खिलाफ केस करने को लेकर भाजपा सरकार पर हमला बोला था. अब जिस तरह से लोग उनसे मुलाकात कर रहे हैं.

# 600 किलो काजू चोरी

### 60 बाल्टियों में ले गए चोर

**नई दिल्ली.**

दिल्ली के अशोक नगर में काजू चोरों पर आज पुलिस ने धावा बोला है। पुलिस ने 4 चोरों के पास से 440 किलो काजू के साथ उपयोग में आने वाला टेंपो भी बरामद किया है। चोरों के पास से 440 किलो काजू बरामद किया गया है,जिन्हें 44 बाल्टियों में रखा गया था। अशोक नगर थाने की पुलिस ने गहन सीसीटीवी जांच और तकनीकी निगरानी की मदद से चोरों को पकड़ने में सफलता हासिल की है।

न्यू अशोक नगर पुलिस स्टेशन को एक न्यू कोंडली स्थित एक दुकान से लगभग 600 किलोग्राम वजन के 60 बाल्टी काजू चोरी होने की खबर मिली थी। पुलिस की टीम ने बेहद ही कम समय में चार शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। सीसीटीवी फुटेज, स्थानीय खुफिया जानकारी, और तकनीकी निगरानी पर काम करते हुए पुलिस टीम ने सभी चारों आरोपियों की पहचान की और उन्हें धर दबोचा।

गिरफ्तार किए गए लोगों में मुख्य साजिशकर्ता भी शामिल है, जो पीड़ित की दुकान पर कर्मचारी था।



5 अक्टूबर की दरमियानी रात को न्यू कोंडली मेन मार्केट में एक दुकान के गोदाम में चोरी की सूचना मिली, जहां 60 बाल्टी काजू (प्रत्येक 10 किलोग्राम) चोरी हो गए।

दुकान मालिक की शिकायत पर न्यू अशोक नगर पुलिस स्टेशन में धारा 305 बीएनएस के तहत केस एफआईआर नंबर 80094976/25 दर्ज किया गया और जांच एसआई विनय कुमार को सौंपी गई। शिकायतकर्ता ने बताया कि चोरी हुए काजू हाल ही में उनके गोदाम में स्टॉक किए गए थे और अगली सुबह गोदाम में सेंधमारी पाई गई।

टीम ने सीसीटीवी कैमरों को खंगाला और चोरों के भागने के रास्ते का पता लगाया।

फुटेज के विश्लेषण से पता चला कि एक बिना नंबर प्लेट वाला टेंपो गोदाम पर आया था, जिसमें तीन लोगों ने काजू की बाल्टियां लादीं और फिर भाग गए।

# महिला ने 5 महीने के मासूम के साथ खुद को लगाई आग

**इंदौर.**

मध्य प्रदेश में इंदौर के राउ इलाके में गुरुवार शाम एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां एक नवविवाहिता ने अपने पांच माह के बेटे को गोद में लेकर आत्मदाह कर लिया. इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई. जानकारी के मुताबिक, पति-पत्नी के बीच कुछ समय से आपसी विवाद चल रहा था, जिसके चलते यह कदम उठाया गया. फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है. राउ पुलिस के अनुसार, घटना न्यू ब्रज विहार कॉलोनी की है. यहां 25 वर्षीय सुमन नामक महिला ने अपने पांच माह के बेटे प्रथम के साथ खुद पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा ली. चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और दोनों को तत्काल चोइथराम अस्पताल पहुंचाया गया. अस्पताल में देर रात बच्चे प्रथम ने दम तोड़ दिया, जबकि शुक्रवार दोपहर सुमन की भी इलाज के दौरान मौत हो गई.

पुलिस जांच में प्रारंभिक रूप से पता चला है कि सुमन और उसके पति कैलाश के बीच पिछले कुछ दिनों से आपसी तनाव चल रहा था. कैलाश एक कारखाने में सिलाई का काम करता है, जबकि सुमन मूल रूप से भोपाल की रहने वाली थी. विवाह को अभी अधिक समय नहीं हुआ था. घरेलू कलह के कारण महिला मानसिक रूप से परेशान थी, और इसी तनाव में उसने यह खौफनाक कदम उठा लिया. पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है.

एसीपी निधि सक्सेना ने बताया कि मामले की विस्तृत जांच की जा रही है. मृतका के परिजनों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं और आत्मदाह के पीछे के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा रहा है. पुलिस ने कहा कि यदि किसी प्रकार का उत्पीड़न या आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला सामने आता है तो उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी.

# राम की पैड़ी पर बनी भव्य विजिटर गैलरी

## > अयोध्या दीपोत्सव में विकास की नई चमक

**अयोध्या.**

रामनगरी अयोध्या केवल आस्था की धरती नहीं, बल्कि अब यह विकास और विरासत का संगम बन चुकी है. इस बार के नौवें दीपोत्सव में योगी सरकार की विकास दृष्टि भी दीपों की तरह चमकेगी. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या को वैश्विक तीर्थ और पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए अनेक भव्य परियोजनाओं को मूर्त रूप दिया है. इनमें राम की पैड़ी का भव्य सौंदर्यीकरण, सरयू घाटों का पुनरुद्धार और पर्यटन सुविधाओं का विस्तार शामिल है.

इन योजनाओं ने न केवल अयोध्या की प्राचीनता को जीवित रखा है, बल्कि श्रद्धालुओं को आधुनिक सुविधाओं से भी जोड़ा है. दीपोत्सव जैसे विश्व प्रसिद्ध आयोजन में दर्शकों के लिए अब राम की पैड़ी पर बैठना पहले से कहीं अधिक आरामदायक और आकर्षक होगा. योगी सरकार ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में 2324.55 लाख रुपये की लागत से यहां लगभग



350 मीटर लंबी सीढ़ियों और दर्शक दीर्घा का निर्माण कराया है, जिसमें 18,000 से 20,000 लोग एक साथ बैठ सकते हैं.

यहां बनाया गया सेल्फी पॉइंट, जिसमें भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण जी की पत्थर की भव्य मूर्तियां हैं, श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बन चुका है. आधुनिक लाइट व्यवस्था, बाउंड्री वॉल और अन्य पर्यटन सुविधाओं ने इसे विश्वस्तरीय रूप प्रदान किया है. वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वीकृत 2367.61 लाख रुपये की नई परियोजना से राम की पैड़ी और भी भव्य स्वरूप में नजर आएगी.

यहां आठ छोटे एम्फीथिएटर बनाए जा रहे हैं, जो दर्शकों को बैठने की सुविधा देंगे. साथ ही छह पत्थर की छतरियां, आठ भव्य दीपक और सात मीटर ऊंचे पत्थर के स्तंभ इस घाट की शोभा बढ़ाएंगे. प्रकाश व्यवस्था और सौंदर्यीकरण के साथ यह स्थान अब आधुनिकता और परंपरा का अद्भुत संगम बन जाएगा, जो विश्वभर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव होगा. अयोध्या की जीवन रेखा कही जाने वाली सरयू नदी के तट को भी नया रूप दिया जा रहा है.

लगभग 2.5 किलोमीटर लंबाई में फैले घाटों के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण पर 2346.11 लाख रुपये खर्च किए जा रहे हैं. परियोजना में 32 पत्थर की छतरियां, 11 विशाल स्तंभ, चार पूजा स्थल, दो गौ-पूजा स्थल, 15 दिशा सूचक, 60 इंटरप्रिटेशन वॉल और एक वीआईपी पवेलियन बनाए जा रहे हैं. आधुनिक रोशनी और स्वच्छ घाट व्यवस्था के साथ यह क्षेत्र अब आध्यात्मिक पर्यटन का नया गंतव्य बनेगा. सरयू आरती का दृश्य अब और भी मनमोहक और भव्य होगा.

# जहां ढेर हुए थे 31 नक्सली

## > वहीं खुलेगा सीआरपीएफ स्कूल

**रायपुर.** छत्तीसगढ़-तेलंगाना बॉर्डर के पास एक जगह है, नाम है कर्रेगुट्टा। इस इलाके को नक्सलियों का गढ़ कहा जाता है। अगर किसी को मालूम हो तो यह वही जगह है जहां इसी साल अप्रैल-मई के बीच सबसे बड़े नक्सल विरोधी अभियान चलाया गया था। तब कुल 31 माओवादियों को ठिकाने लगाया गया था। अब 6 महीने बाद सीआरपीएफ कर्रेगुट्टा पहाड़ियों में अपने जवानों के लिए एक कमांडो प्रशिक्षण स्कूल स्थापित करने की योजना बना रहा है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इस उबड़-खाबड़ वाली इस जगह में एक उपयुक्त स्थान ढूंढ़ने के लिए सर्वेक्षण किया जा रहा है। यह इलाका लगभग 60 किलोमीटर लंबा और 5-20 किलोमीटर चौड़ा है और यहां गुफाओं और बंकरों के अलावा मधुमक्खियां, चमगादड़, भालू और तरह-तरह के कीड़े भी मौजूद हैं।

सीआरपीएफ की जंगल युद्ध कमांडो इकाई कोबरा और छत्तीसगढ़ पुलिस ने कौरगोटालु पहाड़ियों, जिसे कर्रेगुट्टा पहाड़ियों के नाम से भी जाना जाता है, में तीन सप्ताह तक 'ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट' चलाया था। इस अभियान में अप्रैल और मई के बीच 31 माओवादी मारे गए थे और भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद जब्त किए गए थे। इस ऑपरेशन को अब तक माओवादियों के खिलाफ सबसे बड़ा आक्रामक अभियान बताया गया था। यह अभियान मार्च 2026 तक देश से वामपंथी उग्रवाद को समाप्त करने की केंद्र सरकार की घोषणा का एक हिस्सा था। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, केजीएच (कर्रेगुट्टा पहाड़ियों) ऑपरेशन समाप्त होने के बाद, पहाड़ी पर छिपे हुए आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) और बमों को निष्क्रिय करने के लिए एक व्यापक सैनिटाइजेशन (सफाई और सुरक्षित बनाने) अभियान चलाया गया था।

यह काम लगभग पूरा हो चुका है, और अब यहां सीआरपीएफ की ओर से संचालित एक प्रशिक्षण स्कूल स्थापित करने की योजना बनाई जा रही है, ताकि यह पहाड़ी क्षेत्र स्वच्छ और सुरक्षित बना रहे।

# 'ऑपरेशन ब्लू स्टार एक गलती थी: पी चिदंबरम

**नई दिल्ली.**

कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय गृहमंत्री पी चिदंबरम के बयान से कांग्रेस लीडरशिप बेहद नाराज है। वहीं, बीजेपी का कहना है कि आधे सच से न्याय नहीं मिलता है। सूत्रों के अनुसार कांग्रेस लीडरशिप का मानना है कि वरिष्ठ नेताओं को पार्टी के लिए शर्मिंदगी पैदा कर सकने वाले सार्वजनिक बयान देने से पहले सावधानी बरतनी चाहिए। वहीं, बीजेपी का कहना है कि पुलिस, सेना और खुफिया विभाग पर आरोप लगाने से पूर्व प्रधानमंत्री की गलती कम नहीं होगी। चिदंबरम ने शनिवार को हिमाचल प्रदेश के कसौली में एक साहित्यिक कार्यक्रम में कहा कि ऑपरेशन ब्लूस्टार 'गलती' थी और तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 'इस गलती की कीमत अपनी जान देकर चुकाई'।

बीजेपी नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा, 'जब पी. चिदंबरम जैसे वरिष्ठ कांग्रेसी नेता यह स्वीकार



करते हैं कि ऑपरेशन ब्लू स्टार श्री हरमंदिर साहिब में प्रवेश करने का एक 'गलत रास्ता' था, तो यह कांग्रेस की उस ऐतिहासिक भूल को उजागर करता है जिसने सिख समुदाय को गहरा आघात पहुंचाया। लेकिन इंदिरा गांधी से दोष हटाने का उनका प्रयास अस्वीकार्य है। हमारे सबसे पवित्र धर्मस्थल को अपवित्र करने का आदेश देने की नैतिक और संवैधानिक जिम्मेदारी किसी और की नहीं, बल्कि उस समय के राजनीतिक नेतृत्व की है। न्याय अर्धसत्य या चुनिंदा अपराधबोध से नहीं मिलता। आदेश देने वालों को दोषमुक्त करने के लिए इतिहास को दोबारा नहीं लिखा जा सकता।

किरेन रिजिजू ने लिखा, 'चिदंबरम जी ने कांग्रेस की गलतियों को बहुत देर से स्वीकार किया है! यह खुलासा करने के बाद कि अमेरिका और विदेशी ताकतों के भारी दबाव के कारण भारत मुंबई में पाकिस्तानी आतंकी हमलों का जवाब नहीं दे सका, अब वे स्वीकार कर रहे हैं कि स्वर्ण मंदिर में ऑपरेशन ब्लू स्टार भी एक गलती थी।

### आतंकियों को पकड़ने का दूसरा तरीका हो सकता था- चिदंबरम

कसौली में खुशवंत सिंह साहित्य महोत्सव में चिदंबरम ने कहा, 'सभी आतंकवादियों को पकड़ने का कोई और तरीका हो सकता था, लेकिन ऑपरेशन ब्लू स्टार एक गलती थी। राज्यसभा सदस्य चिदंबरम ने पत्रकार और लेखिका हरिंदर बावेजा से उनकी पुस्तक 'दे विल शूट यू मैडम: माई लाइफ थ्रू कॉन्फ्लिक्ट' पर बातचीत के दौरान कहा, 'सभी आतंकवादियों को पकड़ने का कोई और तरीका हो सकता था, लेकिन ऑपरेशन ब्लू स्टार गलत तरीका था।

# पाकिस्तान पर अफगानिस्तान का कहर, 58 सैनिक ढेर

**काबुल.** अफगानिस्तान ने पाकिस्तान पर शनिवार की देर रात को हमला किया. अफगानिस्तान ने अब दावा किया है कि रातभर चले सीमा पार अभियानों में उसने 58 पाकिस्तानी सैनिकों को मार गिराया है. इससे पहले पाकिस्तान ने काबुल पर बमबारी की थी. इसी के बाद अफगानिस्तान ने पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन चलाया. तालिबान सरकार के मुख्य प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने कहा कि अफगान बलों ने पाकिस्तानी सेना की 25 चौकियां कब्जे में ले ली हैं, इस कार्रवाई में 58 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए और 30 अन्य घायल हुए हैं.

अफगानिस्तान ने शनिवार रात को पाकिस्तान पर हमला किया. पाकिस्तान के खिलाफ चलाए गए इस ऑपरेशन के बाद अफगानिस्तान के मुख्य प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की. उन्होंने इस दौरान कहा, अफगानिस्तान की सुरक्षा स्थिति फिलहाल संतोषजनक है, लेकिन पाकिस्तान की सेना का एक विशेष गुट अफगानिस्तान में सुरक्षा व्यवस्था को कमजोर करने और अशांति फैलाने की कोशिश कर रहा है. मुजाहिद ने बताया कि यह गुट झूठे प्रचार और अफगानों के बीच फूट डालने की कोशिशों में लगा हुआ है और सीमा पर हमलों को बढ़ावा दे रहा है. लेकिन, इस्लामी अमीरात किसी भी हमले का जवाब देने के लिए तैयार है. मुख्य प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने यह भी कहा कि पाकिस्तानी गुट ने आईएसआईएस की मौजूदगी पर भी नजरें मूंद रखी हैं जो लगातार अपराध कर रहा है.

# 'प्रेसिडेंट ट्रंप आपको अपना बहुत अच्छा दोस्त मानते हैं'

**नई दिल्ली.** अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने शनिवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और दोनों देशों के बीच गहरी दोस्ती को और मजबूत करने का भरोसा जताया। गोर ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पीएम मोदी को अपना 'बहुत अच्छा दोस्त' मानते हैं। शुक्रवार को भारत पहुंचे गोर ने इस दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और विदेश सचिव विक्रम मिश्री से भी मुलाकात की।

प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात के बाद सर्जियो गोर ने कहा, 'मैंने पीएम मोदी के साथ शानदार मुलाकात की। हमने भारत-अमेरिका के बीच रक्षा, व्यापार और तकनीक जैसे अहम मुद्दों पर बात की। इसके अलावा महत्वपूर्ण खनिजों (क्रिटिकल मिनरल्स) के महत्व पर भी चर्चा हुई।' उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका भारत के साथ अपने रिश्तों को बहुत अहमियत देता है। प्रधानमंत्री मोदी ने भी इस मुलाकात पर खुशी जताई। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'अमेरिका के राजदूत-नियुक्त सर्जियो गोर से मिलकर खुशी हुई। मुझे यकीन है कि



उनके कार्यकाल में भारत-अमेरिका का व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी और मजबूत होगी।'

इससे पहले, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी सर्जियो गोर से दिल्ली में मुलाकात की। जयशंकर ने कहा, 'आज नई दिल्ली में अमेरिकी राजदूत-नियुक्त सर्जियो गोर से मिलकर खुशी हुई। हमने भारत-अमेरिका रिश्तों और इसके वैश्विक महत्व पर बात की।' यह मुलाकात ऐसे समय में हुई है जब भारत और अमेरिका के बीच व्यापारिक तनाव देखा जा रहा है। अमेरिका ने हाल ही में भारतीय निर्यात पर 50 फीसदी टैरिफ लगा दिया, जिसमें भारत के रूसी कच्चे तेल की खरीद को लेकर 25 फीसदी अतिरिक्त शुल्क भी शामिल है। भारत ने इस कदम को 'अनुचित, अन्यायपूर्ण और अव्यवहारिक' बताया है।